जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 32 संख्याः 15 प्रभात उदयपुर, रविवार 17 नवम्बर, 2024 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## मोदी, अमित शाह व राहुल गांधी के चुनावी भाषणों के खिलाफ काफी शिकायतें

### चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्षों को सोमवार एक बजे तक का समय दिया, इन शिकायतों पर जवाब मांगा

- केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल के नेतृत्व में अरुण सिंह, शहजाद पूनावाला व ओम पाठक ने चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत की, कि ऐसे मामलों में राहुल गांधी आदतन ''अपराधी'' हैं, तथा मुम्बई में 6 नवम्बर को कांग्रेस द्वारा आयोजित चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि, पांच -छः लाख नौकरियां महाराष्ट्र से गुजरात शिफ्ट की गई हैं।
- दूसरी ओर कांग्रेस ने एक शिकायत दर्ज की है भाजपा के खिलाफ, चुनाव आयोग के समक्ष, कि प्र.मंत्री मोदी ने 8 नवम्बर को नासिक व धूले में आयोजित रैली में आरोप लगाया, कि, कांग्रेस के प्र.मंत्री नेहरु, इंदिरा गांधी व राजीव गांधी, अनुसूचित /जनजाति व ओ.बी.सी. के हितों के खिलाफ थे, तथा इन समुदायों को आरक्षण देने के खिलाफ थे।
- कांग्रेस ने प्र.मंत्री मोदी के, शोलापुर, महाराष्ट्र में दिये गये भाषण के खिलाफ शिकायत की। कांग्रेस के अनुसार, मोदी ने नारा दिया था, कि, ''एक हैं तो सेफ हैं'' नारे के अनुसार कांग्रेस चाहती है कि ओ.बी.सी. अलग-अलग जात (कास्ट) में विभाजित हों, जिससे कांग्रेस को और ऑक्सीजन मिलेगी। क्या आप यह चाहते हैं।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 नवम्बर। भारतीय चुनाव आयोग, झारखंड को लेकर भाजपा व कांग्रेस की झारखंड महाराष्ट्र चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणियों के सम्बंध में की गई शिकायतों की जांच कर रहा है।

महाराष्ट्र तथा झारखंड में चल रहे विधानसभा चुनावों में इलैक्शन कमिशन ऑफ इंडिया (ई.सी.आई.) ने भाजपा तथा कांग्रेस द्वारा दर्ज शिकायतों का संज्ञान लिया है। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अलग-अलग भेजे गए पत्र में चुनाव आयोग ने दोनों दलों द्वारा लगाए गए आरोपों पर औपचारिक जवाब मांगा है।

आयोग ने सोमवार 18 नवम्बर को दोपहर एक बजे तक जवाब देने को कहा है और दोनों दलों को, लोकसभा चुनावों के दौरान, 22 मई, 2024 को जारी की गई अपनी सलाह की याद दिलाई है, जिसमें प्रचारकों से शिष्टाचार बरतने तथा आदर्श आचार संहिता का पालन करने का आग्रह किया गया है।

केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमण्डल ने नई दिल्ली में ई.सी.आई. से संपर्क किया और 6 नवम्बर को मुंबई की चुनाव रैली में कांग्रेस सांसद तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणियों को लेकर चिंता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा नेता अरुण सिंह, शहज़ाद पूनावाला एवं ओम पाठक भी शामिल थे।

भाजपा ने भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) की धारा 353 के तहत गांधी के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करने की मांग की और आरोप लगाया कि वे मर्यादा उल्लंघन के आदतन अपराधी हैं।

छः नवंबर को महाराष्ट्र की एक रैली में राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि एपल आईफोन और बोईंग एयरप्लेन का अन्य राज्यों में निर्माण किया जा रहा है जिसका नुकसान महाराष्ट्र को हो रहा है। राहुल ने कहा, ''ये परियोजानएं पांच लाख युवाओं के लिए रोजगार पैदा करती हैं, जिन्हें आपसे छीनकर गुजरात को दे दिया गया है।''

दूसरी तरफ कांग्रेस ने चुनाव आयोग में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन पर महाराष्ट्र राज्य विधानसभा चुनाव 2024, के लिए प्रचार रैलियों के दौरान ''झूठे विभाजनकारी, दुर्भावनापूर्ण और निंदनीय बयान'' देने का आरोप लगाया गया है।

शिकायत में, प्रधानमंत्री की नासिक और धुले की 8 नवम्बर की रैलियों में दिए गए मोदी के निम्नलिखित बयानों का हवाला दिया गया है। ''एक तरफ कांग्रेस और उसके सहयोगी जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली को खत्म करके दलितों, आदिवासियों और ओ.बी.सी. के अधिकारों को छीनना चाहते हैं। दूसरी तरफ वे महाराष्ट्र में इनको धोखा देने के लिए संविधान के नाम पर एक झूठी किताब लहराते हैं।''

''तीन पूर्व कांग्रेसी प्रधानमंत्री--- दलितों, आदिवासियों और ओ.बी.सी.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सिंगापुर की राजनैतिक पार्टी की टीम भारत में

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 16 नवम्बर। ''भाजपा को जानिए'' की पहल के सिलसिले में, भाजपा के आमन्त्रण पर सिंगापुर के सत्तारूढ़ दल ''पीपुल्स ऐक्शन पार्टी'' (पी.ए.पी.) के वरिष्ठ नेताओं का एक सोलह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भारत आ रहा है, जो 17 नवम्बर से 21 नवम्बर तक भारत में रहेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में तीन मंत्री, चार सांसद तथा अन्य लोग शामिल हैं। इस दल का नेतृत्व डॉ. जनील पुतुचेरी कर रहे है, जो

- सिंगापुर की पीपुल्स एक्शन पार्टी भाजपा के आमंत्रण पर भारत आई है तथा दिल्ली व जयपुर का दौरा करगी।

''सीनियर मिनिस्टर ऑफ स्टेट फोर कम्यूनिकेशन एंड इन्फॉर्मेशन एंड फॉर हैल्थ'' है।

इस यात्रा के दौरान, पी.ए.पी. प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा तथा अन्य भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं से मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल जयपुर भी जायेगा, जहाँ वह राजस्थान के मुख्यमन्त्री भजनलाल शर्मा से मिलेगा तथा राज्य पार्टी कार्यालय में, राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष तथा राज्य के अन्य प्रमुख पार्टी पदाधिकारियों से बातचीत करेगा।

भाजपा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस यात्रा का प्राथमिक उद्देश्य भाजपा और पी.ए.पी. के बीच, दो पार्टियों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## महाराष्ट्र में राहुल गांधी के सामान की तलाशी

### अमरावती जिले में राहुल का हैलिकॉप्टर लैंड होते ही चुनाव आयोग ने तलाशी की कार्यवाही की

- डॉ. सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 16 नवम्बर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चुनाव आयोग ने फिर निशाना बनाया है। महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों से पहले, उन्हें उस जांच का सामना करना पड़ा, चुनाव आयोग के अधिकारियों ने राहुल के अमरावती जिले में पहुंचने पर, उनके बैगों की चैकिंग की।

इस चैकिंग से एक दिन पहले ही, उस समय भी एक विवाद पैदा हो गया, जब उनके हैलिकॉप्टर को झारखंड में खड़ा रखा गया था। आज की गई इस चैकिंग से कांग्रेस चुनाव आयोग पर पक्षपात का आरोप लगाने के लिए मजबूर हो गई।

राहुल गांधी 20 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनावों के प्रचार के सिलसिले में एक जनसभा को संबोधित करने के लिए धमनगांव रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे, जो अमरावती जिले के आठ विधानसभा क्षेत्रों में से एक है। उनके हेलिकॉप्टर वहां उतरने के थोड़ी देर बाद ही, चुनाव आयोग के अधिकारीगण कांग्रेस नेता की टीम के पास पहुंचे तथा चुनाव आयोग के आदर्श आचार संहिता-प्रवर्तन के एक हिस्से के रूप में, उन्होंने राहुल और उनकी टीम के सामान की चैकिंग की।

सोशल मीडिया पर सर्कुलेट हो रहे एक वीडियो में यह सारी कार्यवाही कैद

- कांग्रेस इस घटना पर क्रुद्ध है। उसका कहना है कि भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग पक्षपात कर रहा है।
- चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव आचार संहिता के तहत सभी नेताओं के सामानों की तलाशी ली जा रही है।

है। जब आयोग के अधिकारी राहुल गांधी के बैगों की चैकिंग कर रहे थे, उस समय गांधी वहीं पास ही खड़े हुए थे। कुछ क्षण बाद, वे अपनी पार्टी सहयोगियों के पास चले गये और उनसे बात करने लगे।

यशोमति ठाकुर, जो कांग्रेस विधायक तथा राज्य की पूव मंत्री हैं, ने इस चैकिंग को लेकर जबरदस्त नाराजगी व्यक्त की तथा पूछा कि क्या चुनाव आयोग के अधिकारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह या महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे के बैगों की भी तलाशी ले रहे हैं।

इस घटना से पहले इसी प्रकार का विवाद उस समय पैदा हुआ, जब यवतमाल में प्रचार अभियान के दौरान, शिवसेना (यू. बी. टी.) नेता उद्धव ठाकरे के बैगों की चैकिंग हुई।

ठाकरे ने इस घटना को लेकर आयोग के अधिकारियों पर चयनित प्रवर्तन (सलैक्टिव एन्फोर्समेंट) का आरोप लगाया। लेकिन, बाद में सामने आये वीडियो यह दिखा रहे हैं कि इसी प्रकार की चैकिंग अमित शाह, देवेन्द्र फड़नवीस सहित, भाजपा नेताओं तथा अजित पवार के सामान की भी हुई है।

शुक्रवार को झारखंड के गोड्डा में राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर में रोके रखना तथा आज की घटना, कथित रूप से ''प्रोटोकॉल रैस्ट्रिक्शन'' का नतीजा बताई जा रही हैं। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि सुनियोजित तरीके से विलम्ब पैदा कर के, गांधी के निर्धारित कार्यक्रमों में बाधा डाली जा रही है। इन्हीं कार्यक्रमों में, प्रख्यात आदिवासी नेता बिरसा मुण्डा की जयन्ती के दिन होने वाली सभा भी शामिल हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के अनुसार, गांधी की फ्लाइट, जिसका समय अपरान्ह 1.15 बजे का था, में दो घंटे का विलम्ब कर दिया गया, क्योंकि अन्य राजनेताओं के लिए ''नो फ्लाई ज़ोन'' की घोषणा कर दी गई थी। रमेश ने भाजपा पर ओछी हरकतें करने का आरोप लगाया तथा इस कार्यवाही को चुनावी निष्पक्षता का खुला उल्लंघन बताया।

## सुखबीर सिंह बादल ने शिरोमणि अकाल दल का अध्यक्ष पद छोड़ा

- सूत्रों का कहना है कि सुखबीर सिंह बादल को अकाल तख्त ने ''तनखैया'' घोषित कर दिया था और इस वजह से पार्टी में उनके खिलाफ भारी असंतोष पैदा हो गया था। इसलिए सुखबीर सिंह बादल को मजबूरन त्याग पत्र देना पड़ा।
- बादल के इस्तीफे से नए अध्यक्ष के चयन का रास्ता साफ हो गया है।
- बादल को 2007 से 2017 के बीच, उनकी सरकार के कार्यकाल के दौरान किए गए कृत्यों के लिए तनखैया घोषित किया गया है।

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 16 नवम्बर। सुखबीर सिंह बादल शनिवार को शिरोमणि अकाली दल (एस. ए. डी.) के अध्यक्ष पद से हट गये, क्योंकि पार्टी प्रमुख के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था।

उन्होंने अपना त्याग पत्र पार्टी की वर्किंग कमेटी को दे दिया तथा इस प्रकार नये अध्यक्ष के चुनाव के लिए रास्ता साफ कर दिया। उन्होंने सभी पार्टी नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि उन सबने उनके नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया तथा पूरे कार्यकाल में उन्हें पूरे मन सहयोग दिया।

एस. ए. डी. के वरिष्ठ नेता दलजीत सिंह चीमा ने बादल के इस्तीफे की पुष्टि की तथा इसकी घोषणा ''एक्स'' पर कर दी।

दरअसल, बादल ने अध्यक्ष पद पार्टी की आन्तरिक असहमति के चलते छोड़ा है। ज्ञातव्य है कि अकाल तख्त ने उन्हें ''तनखैया'' घोषित कर दिया था। ''तनखैया'' धार्मिक दुराचरण के अपराध का सूचक होता है। वे पार्टी में आलोचना का सामना कर रहे थे तथा हाल ही के चुनावों में खराब प्रदर्शन के बाद, उनके इस्तीफे की मांग होने लगी थी। उन्हें ''तनखैया'' किये जाने का संबंध उनकी उन कथित ''गलतियों'' से हैं, जो बादल से 2007 से 2017 के बीच उनके कार्यकाल के दौरान हुई बताई जाती हैं।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी (एस. जी. पी. सी.) की पूर्व अध्यक्ष बीबी जागीर कौर के अनुसार, बादल के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चाओं में प्रतिरोध आये थे। असहमति एवं विरोध के बावजूद, एस. ए. डी. वर्किंग कमेटी ने बादल को पूरा समर्थन देने की घोषणा की थी तथा विद्रोह को पार्टी की एकता के लिए घातक बताते हुए, विद्रोह को खारिज कर दिया था।

## 'लोक अदालत के फैसले की पालना नहीं होना गंभीर विषय'

जयपुर, 16 नवंबर। जिले की स्थाई लोक अदालत ने दो साल पहले दिए गए आदेश का पालन नहीं करने पर राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष को 5 दिसंबर को व्यक्तिगत तौर पर, पेश होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। स्थाई लोक अदालत के पीठासीन अधिकारी अनूप कुमार सक्सैना व

- स्थाई लोक अदालत ने राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष को 5 दिसम्बर को व्यक्तिगत तौर पर पेश होने के निर्देश दिये।

दीपक चाचान ने यह आदेश गोपाल लाल खत्री बनाम हाउसिंग बोर्ड मामले में दिया। मामले के अनुसार, स्थाई लोक अदालत ने इस मामले में 16 अगस्त 2022 के आदेश से हाउसिंग बोर्ड पर 72 हजार रुपए का हर्जाना लगाते हुए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन के लिये विदेश रवाना

### पांच दिवसीय यात्रा में प्रधानमंत्री ब्राज़ील, नाईजीरिया तथा गुयाना जायेंगे

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्हें शिखर सम्मेलन में ''एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य'', पर सार्थक चर्चा की आशा है।

नयी दिल्ली, 16 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के ब्राजील और नाइजीरिया एवं गुयाना की पांच दिवसीय यात्रा पर शनिवार को रवाना हो गए। मोदी ने पालम वायुसैनिक अड्डे से विशेष विमान से रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में जी-20 शिखर सम्मेलन में ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं तथा 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के भारत के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सार्थक चर्चा की आशा जताई।

मोदी ने कहा, मैं नाइजीरिया, ब्राज़ील और गुयाना की पाँच दिवसीय यात्रा पर जा रहा हूँ। राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू के निमंत्रण पर यह नाइजीरिया की मेरी पहली यात्रा होगी, जो पश्चिम अफ्रीकी क्षेत्र में हमारा करीबी भागीदार है। मेरी यात्रा हमारी रणनीतिक साझीदारी को आगे बढ़ाने का अवसर होगी, जो लोकतंत्र और बहुलवाद में साझा विश्वास पर आधारित है। मैं भारतीय समुदाय और नाइजीरिया के दोस्तों से मिलने का भी उत्सुकता से इंतजार कर रहा हूं, जिन्होंने मुझे हिंदी में गर्मजोशी से स्वागत संदेश भेजे हैं।

मोदी ने कहा, ब्राजील में, मैं ट्रोइका सदस्य के रूप में 19वें जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। पिछले साल, भारत की सफल अध्यक्षता ने जी-20 को लोगों के जी-20 के रूप में ऊपर उठाया और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को अपने एजेंडे की मुख्यधारा में शामिल किया। इस वर्ष, ब्राज़ील ने भारत की विरासत को आगे बढ़ाया है। मैं 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के हमारे दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सार्थक चर्चा की आशा करता हूँ। मैं इस अवसर का उपयोग कई अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए भी करूंगा।

मोदी ने कहा, राष्ट्रपति मोहम्मद इरफ़ान अली के निमंत्रण पर मेरी गुयाना यात्रा 50 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। हम अपने अनूठे रिश्ते को रणनीतिक दिशा देने पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे, जो साझा विरासत, संस्कृति और मूल्यों पर आधारित हैं। मैं सबसे पुराने भारतीय प्रवासियों में से एक के प्रति भी अपना सम्मान व्यक्त करूंगा, जो 185 साल से भी अधिक समय पहले प्रवासित हुए थे।

उन्होंने कहा, इस यात्रा के दौरान, मैं दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के लिए कैरेबियाई भागीदार देशों के नेताओं के साथ भी शामिल होऊंगा। हम हर सुख-दुख में एक साथ खड़े रहे हैं। शिखर सम्मेलन हमें ऐतिहासिक संबंधों को नवीनीकृत करने और नए क्षेत्रों में हमारे सहयोग का विस्तार करने में सक्षम बनाएगा।

## 'मीडिया आत्महत्या कर रही है, अपने कृत्यों से'

### बैंगलोर में आयोजित मीडिया डे समारोह में पूर्व सूचना प्रसारण मंत्री वीरप्पा मोईली ने कहा, कि जब तक मीडिया सरकार से, तथा सत्ता में बैठे लोगों से निर्भीक भाव से सवाल पूछना पुनः शुरु नहीं करती

- मोईली ने यह भी कहा, कि प्रेस के सम्मुख एक चुनौती यह भी है, कि प्रधानमंत्री अब मीडिया से इन्टरएक्ट करने या जानकारी देने में विश्वास नहीं करते तथा इस रवैये से प्रेस जानकारियों से महरुम हो जाता है।
- और अब प्र.मंत्री की देखा- देखी मंत्री व अफसर भी मीडिया से बात करने व जानकारियां देने को टालते हैं और, मीडिया जानकारियों व खबरों से वंचित रह जाता है।
- नेशनल मीडिया डे इसलिये मनाया जाता है, क्योंकि, इस दिन प्रेस काउन्सिल ऑफ इण्डिया का गठन हुआ था, तथा प्रेस की स्वतंत्रता का संकल्प लिया गया था।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 नवम्बर। गत कुछ वर्षों के हालात से ऐसा लग रहा है कि भारतीय मीडिया एक स्तर पर न केवल आत्महत्या कर रहा है बल्कि दूसरे स्तर पर इसकी हत्या की जा रही है। बैंगलौर में हुए नैशनल मीडिया डे कार्यक्रम में यही बात उभर कर आई।

पूर्व केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री और कानून मंत्री तथा कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोईली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने मीडिया पर पड़ रहे दबाव को बताने के लिए पत्रकारों पर हमले, पत्रकारों की हत्या, फेक न्यूज़ और पत्रकारों के खिलाफ मुकदमों का उदाहरण दिया। और कहा, ऐसा गत कुछ वर्षों से हो रहा है''

इसी दिन प्रैस काउन्सिल ऑफ इंडिया का उद्घाटन हुआ था कर्नाटक में इस कार्यक्रम का आयोजन राज्य के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग ने किया था। इस अवसर पर मोईली का बतौर मुख्य अतिथि मौजूद होना न्यायोचित था। उन्होंने ही कर्नाटक मीडिया एकैडमी बनाई थी। मोईली मीडिया के क्षेत्र में काफी अनुभवी रहे हैं। सूचना प्रसारण मंत्री के रुप में उनका मीडिया से निकट सम्पर्क रहा था और फिर कानून मंत्री के रुप में मीडिया से जुड़े कई कानूनों का प्रारुप बनाने में उनकी अहम भूमिका रही थी।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारों से लेकर पत्रकारिता क्षेत्र के विद्यार्थी भी मौजूद थे, जो बैंगलोर और कर्नाटक के विभिन्न मीडिया संस्थानों से थे। कार्यक्रम का शीर्षक था ''चेन्जिंग नेचर ऑफ प्रैस''अर्थात प्रैस की बदलती प्रकृति। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोईली ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि मीडिया जो कह रहा है, जो बदलाव ला रहा है उससे लगता है वह आत्महत्या कर रहा है। उन्होंने आगे कहा गत कुछ वर्षों से मीडिया ने सत्ता से सवाल करना बंद कर दिया है और जो सरकार से सवाल पूछने की हिम्मत करते हैं उन्हें या तो चुप करा दिया जाता है या इस प्रोफेशन से ही बेदखल कर दिया जाता है, पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ग्लोबल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## छत्तीसगढ़ में पांच नक्सली मुठभेड़ में मरे

कांकेर, 16 नवंबर। छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ इलाके में शनिवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में अब तक पांच नक्सली मारे गये जबकि सुरक्षा बलों के दो जवान घायल हुए हैं। सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में नक्सलियों के कब्ज़े से हथियार भी बरामद किए हैं।

- कांकेर और नारायणपुर जिले की सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। पुलिस ने बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किये।

पुलिस अधीक्षक आई के एलिसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। कोर इलाका होने के कारण जवानों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि मौके से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं।

उत्तरअबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर सर्चिंग अभियान पर संयुक्त पुलिस पार्टी गई थी। सुबह आठ बजे से लगातार डीआरजी,एसटीएफ और सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) की संयुक्त पुलिस पार्टी और नक्सलियों के सामने डटी हुई है।

घायल हुए जवानों की स्थिति सामान्य है। दोनों खतरे से बाहर हैं। दोनों घायल जवानों को बेहतर इलाज की व्यवस्था की जा रही है।

बहरहाल मुठभेड़ अभी भी जारी है तथा रुक-रुककर दोनों ओर से फायरिंग हो रही है।

## उपभोक्ता आयोग ने फुलेरा के अस्पताल व डॉक्टरों पर 19.70 लाख का हर्जाना लगाया

### आयोग ने यह आदेश संजय सोनी के परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए

जयपुर, 16 नवंबर। जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय ने मरीज के फिशर का ऑपरेशन करने के दौरान लापरवाही बरतने पर फुलेरा के सत्यम अस्पताल, डॉ. एसके मोंगिया और डॉ. केसी बंसल पर कुल 19.70 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। आयोग ने यह आदेश संजय सोनी के परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए। आयोग अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने अपने आदेश में कहा कि ऑपरेशन में लापरवाही के कारण एक नौजवान की जिंदगी नरक बन गई है। उसकी रीड की हड्डी के अंतिम छोर में घाव हो गया है और लगातार सूजन बनी रहती है, जिसे ठीक करना असंभव है। यहां तक कि वह मल भी नहीं रोक पा रहा है, जिसके कारण वह कहीं आ-जा भी नहीं सकता है। इसके चलते परिवादी एक तरह से दिव्यांग हो गया है, जिसकी क्षतिपूर्ति किसी भी कीमत पर किया जाना संभव नहीं है।

परिवाद में कहा गया कि वह विपक्षी अस्पताल में फिशर का ऑपरेशन कराने के लिए 14 फरवरी, 2016 को भर्ती हुआ था। उसी दिन उसका ऑपरेशन कर

- सत्यम अस्पताल, डॉ. के.सी. बंसल व डॉ. एस.के. मोंगिया पर मरीज के फिशर के ऑपरेशन में लापरवाही करने का आरोप है, जिसके बाद से मरीज की रीढ़ की हड्डी में लगातार सूजन बनी हुई है।

डिस्चार्ज भी कर दिया गया और उससे 13 हजार रुपए का भुगतान लिया गया। परिवाद में कहा गया कि ऑपरेशन के दौरान चिकित्सकों ने लापरवाही बरतते हुए, मलद्वार की मांसपेशियों, टिश्यूज और तंत्रिकों को ज्यादा काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे वह मल नहीं रोक पा रहा और रीढ़ की हड्डी में भी लगातार सूजन बनी हुई है, जिसे पुनः सही कराना अब संभव नहीं है। ऐसे में उसे अस्पताल और चिकित्सकों से क्षतिपूर्ति दिलाई जाए। परिवाद की सुनवाई करते हुए आयोग ने अस्पताल और चिकित्सकों पर हर्जाना लगाया है।

## विचार बिन्दु

अपनी करनी कभी निष्फल नहीं जाती। –कबीर

# पुराने वनों का संरक्षण सबसे बड़ा प्राकृतिक जलवायु समाधान है

ऐसे वन जो विकास के उन्नत चरण में हैं या जहाँ विविध प्रजातियों के पुराने, मोटे और बड़े वृक्षों की बहुतायत है उन्हें दुनिया प्राइमरी फॉरेस्ट्स या ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स के नाम से जानती है। ऐसे वनों के पारिस्थितिक, सामाजिक और आर्थिक महत्त्व पर विश्व भर में बड़ी शोध हुई है।ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स की अभी भी कोई एक मानक परिभाषा नहीं है। फिर भी इन वनों में प्रमुख प्रजातियों की लंबी उम्र, प्राकृतिक गड़बड़ी का कम से कम होना, मानव हस्तक्षेप का कम होना, छाया-सहिष्णुता या छाया में भी उग सकने वाली प्रजातियों की बहुलता, विशिष्ट संरचनाओं, जैसे बड़े-बड़े पेड़, खोखलों में घोंसले बनाने वाले पक्षियों की उपस्थिति और बहुतायत, भारी-भरकम पुराने वृक्षों के यत्र तत्र गिरे-पड़े संचित सूखे तने, मिट्टी के ऊपर पत्तियों और सूखी टहनियों की मोटी परत आदि लक्षणों के संदर्भ में पहचाना और परिभाषित किया जाता है। इन क्षेत्रों में मिलने वाले बड़े वृक्षों में मधुमक्खियों के छत्ते भी प्रायः देखे जाते हैं। इसके अलावा बड़े वृक्षों के मुख्य तने में छाल में निवास करने वाले विविध प्रजातियों के कीड़े मकोड़े पाये जाते हैं। सैप्रोजायलिक कवक, लाइकेन तथा कीड़ों की प्रजातियां बड़ी संख्या में सूखी गिरी पड़ी लकड़ी पर निर्भर होती हैं।

ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट के नीचे की मिट्टी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें पोषक तत्वों की प्रायः कोई कमी नहीं पाई जाती। नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम के साथ सूक्ष्म पोषकतत्व भी प्रचुर मात्रा में मिलते हैं क्योंकि यदि आग, चराई और कटान नहीं हो रहा है तो बायोजियोकेमिकल चक्र सुचारु रुप से चलते हैं। ऐसा संभव है ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स के आसपास कोई नदी नाला या नम भूमि इत्यादि हो। प्रायः यह भी देखा गया है कि ओल्ड ग्रोथ फॉरेस्ट्स में पौधों और प्राणियों की जो प्रजातियां मिलती हैं वे समीपवर्ती वन क्षेत्रों से कुछ भिन्न हो सकती हैं। इन क्षेत्रों में प्रायः बड़े बीजों वाली प्राणी-विकीर्णित वृक्ष प्रजातियों का बाहुल्य होता है।

उष्णकटिबंधीय वनों में जहां प्रजातियों की विविधता और प्राकृतिक वातावरण पर मानव दबाव दोनों ही अधिक हैं, भूमि-उपयोग परिवर्तन जैव-विविधता को गंभीर खतरे में डालते हैं। कृषि, लकड़ी के लिये कटान, उद्योगों की स्थापना और अन्य उपयोगों के लिये उष्णकटिबंधीय वनों के तेजी से बदलाव उष्णकटिबंधीय जैव-विविधता को नष्ट कर देते हैं। एक शोध जो 138 अध्ययनों की मेटा-एनालिसिस का उपयोग कर की गयी, के परिणाम उष्णकटिबंधीय जंगलों में मानवीय दखल के कारण विक्षोभ और भूमि रूपांतरण से जैव-विविधता पर पड़ने वाले प्रभाव का वैश्विक मूल्यांकन प्रदान करते हैं (देखें, एल. गिब्सन इत्यादि, नेचर, 478(7369):378-381, 2011)। इस अध्ययन में प्राथमिक वनों जिनमें कोई मानवीय दखल नहीं था और बिगड़े वनों जिनमें मानवीय दखल था, में जैव-विविधता का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया। यह पाया गया अवक्रमित या बिगड़े वनों में जैव-विविधता की स्थिति तमाम कारणों से बहुत ख़राब थी। यह वैश्विक शोध निर्विवाद रूप से सिद्ध करती है की वन-विनाश के विविध कारणों का उष्णकटिबंधीय जैव-विविधता पर अत्यंत हानिकारक प्रभाव पड़ता है। उपरोक्त एवं अन्य शोध के परिणाम स्पष्ट रूप से इंगित करते हैं कि जब उष्णकटिबंधीय जैव-विविधता को बनाये रखने की बात आती है, तो प्राथमिक वनों का कोई विकल्प नहीं है (देखें, जे. बार्लो इत्यादि, प्रोसीडिंग्स ऑफ़ द नेशनल अकैडमी ऑफ़ साइंसेज यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ़ अमेरिका, 104(47):18555-18560, 2007)।

संपूर्ण विश्व के कुल 23 से 26 प्रतिशत वन ही अब प्राइमरी या ओल्ड ग्रोथ फॉरेस्ट्स के रूप में बचे हैं। राजस्थान में कई जिलों में ओल्ड ग्रोथ फॉरेस्ट्स अभी भी बचे हुये हैं, हालांकि ऐसे वन उष्णकटिबंधीय शुष्क क्षेत्रों में विशेष रुप से संकटापन्न हैं। संकट के मुख्य कारण आसपास रहने वाली मानव आबादी के पालतू मवेशियों द्वारा चराई, जलाऊ लकड़ी के लिये कटाई और घर बनाने के लिये इमारती लकड़ी की कटाई इत्यादि हैं। ऊपर से प्राकृतिक और मानव-जनित कारणों से आग भी ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स को बड़ी हानि पहुँचती है। कई क्षेत्रों में बड़े वृक्षों की शाखाओं को काट कर साल दर साल चारे के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। उदाहरण के लिये पुराने वनों से अर्जुन (कहुआ, कोहड़ा) के बड़े वृक्षों की शाखाओं को काटकर भैंसों के चारे के रूप में उपयोग होता है। हर साल शाखा कटान के कारण इन वृक्षों में फूल, फल और बीज लगने की प्रक्रिया भी बाधित होती है। बीजों का उत्पादन और विकीर्णन नहीं होने से प्राकृतिक पुनरुत्पादन बाधित होता है। जिन क्षेत्रों में बीजों का उत्पादन होता भी है वहां बीज विकीर्णन करने वाली वन्य-प्राणी प्रजातियां ना होने से अब केवल बड़े वृक्ष ही बचे हैं क्योंकि प्राकृतिक पुनरुत्पादन नहीं के बराबर है। जो भी थोड़ा बहुत पौधे उगते हैं वे भी बड़े होने के पहले ही चर लिये जाते हैं। आग का भी प्रकोप होता है, हालांकि उष्णकटिबंधीय शुष्क वनों में पिछले 30 वर्षों वनों में प्रायः सतही आग ही लगी है। इससे बड़े वृक्षों को भले ही हानि ना होती हो, किंतु बीजों, बिजौलोंव प्राकृतिक पुनरुत्पादन को बड़ी हानि पहुंचती है। क्लाइमेट चेंज की दशा में आर्द्र तराई क्षेत्रों के वनों में हर जगह पुराने जंगलों में जमीन के ऊपर के जैवभार (बायोमास) में कमी आने की भारी आशंका है। उष्ण कटिबंध में वर्ष 2081-2100 के मध्य तक तापमान बढ़ने के कारण इस कमी का अनुमान 41 प्रतिशत और विश्व स्तर पर 29 प्रतिशत है (देखें, एम. लर्जावारा इत्यादि, कार्बन बैलेंस एंड मैनेजमेंट, 16(1):31, 2021)।

**हर साल शाखा कटान के कारण इन वृक्षों में फूल, फल और बीज लगने की प्रक्रिया भी बाधित होती है। बीजों का उत्पादन और विकीर्णन नहीं होने से प्राकृतिक पुनरुत्पादन बाधित होता है। जिन क्षेत्रों में बीजों का उत्पादन होता भी है वहां बीज विकीर्णन करने वाली वन्य-प्राणी प्रजातियां ना होने से अब केवल बड़े वृक्ष ही बचे हैं क्योंकि प्राकृतिक पुनरुत्पादन नहीं के बराबर है।**

पुराने वनों का संरक्षण और प्रबंध प्राकृतिक जलवायु समाधान के रूप में विशेष महत्व रखता है। कार्बन सीक्वेस्ट्रेशन और भंडारण के साथ हीइन वनों के अनगिनत लाभ हैं। वनानुभव व पारिस्थितिक पर्यटन, मानव के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य हेतु संसाधन, जैव-विविधता व आनुवंशिक संसाधन का संरक्षण, भौम-जलस्तर में बढ़त व जल-धाराओं, झरनों व नदियों के रूप में पानी की उपलब्धता, देववनों के रूप में स्थानीय सांस्कृतिक मूल्यों के वाहक होते हैं। ऐसे वनों के संरक्षण को बढ़ावा देने वाली रणनीतियाँ केवल इन वनों को केन्द्रित कर बनाये जाने के बजाय सम्पूर्ण भू-परिदृश्य के स्तर पर बनाना आवश्यक होता है। पहली बात इनमें बड़े वृक्षों की बहुतायत के कारण बड़ी मात्रा में कार्बन जमा होता है और सैकड़ों साल तक होता रहता है, इसीलिये ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स को विश्व के कार्बन भण्डार के रूप में जाना जाता है। क्लाइमेट चेंज मिटीगेशन के लिए यह भण्डार अति महत्वपूर्ण है (देखें, एस. लुस्स्येर्ट इत्यादि, नेचर, 455(7210):213-215, 2008)। दूसरी बात यह है कि पुराने पेड़ों में अपेक्षाकृत स्थिर विकास दर होती है, जो ग्लोबल वार्मिंग के विरुद्ध उल्लेखनीय प्रतिरोध देती है (देखें, एम. कोलेंगेलो इत्यादि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 801,149684, 2021)। इसके साथ ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि ऐसे वन अन्य क्षेत्रों में वनों के पुनर्स्थापन के लिये उन प्रजातियों के बीजों और जैव-विविधता के सबसे महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं जो लोगों के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं किन्तु उष्णकटिबंधीय वनों के अन्य क्षेत्रों से स्थानीय रुप से विलुप्त हो चुकी हैं (देखें, डी.एन. पाण्डेय, कन्जर्वेशन बायोलॉजी, 17(2):633-635, 2003)।

इसी बात को ध्यान में रखते हुये देश के विभिन्न राज्यों में सभी ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स को चिन्हित कर संरक्षण व संवर्धन एवं सतत विकास किया जाना आवश्यक है। इन क्षेत्रों के अंदर पुराने और बड़े वृक्षों का संरक्षण और साथ में संपूर्ण क्षेत्र का संरक्षण दोनों को ही ध्यान रखना आवश्यक है। यहाँ चराई और कटाई से बचाव के साथ-साथ यहां सूखी गिरी पड़ी लकड़ी को भी बाहर निकालने से रोकना आवश्यक है। जैसा कि ऊपर बताया गया है सूखे गिरे पड़े वृक्ष भी तमाम प्रजातियों के संरक्षण के लिये आवश्यक हैं।

यदि इन क्षेत्रों में प्राकृतिक पुनरुत्पादन नहीं हो रहा है तो वनों के वितान में जहां खुले स्थान मिल रहे हैं वहां पर उसी प्रकार की प्रजातियों का रोपण आवश्यक है जो ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट में पाई जाती हैं। ऐसी प्रजातियां प्रायः बड़े बीजों वाली और चौड़ी पत्ती वाली होती हैं। बड़े बीज होने से इनका विकीर्णन बड़े शरीर वाले प्राणियों द्वारा ही हो सकता है परंतु चूंकि अनेक क्षेत्रों से बड़े शरीर वाले प्राणी विलुप्त हो चुके हैं इसलिए हमें वृक्षारोपण, सीधी बुवाई और डंडारोपण करना आवश्यक हो जाता है। उदाहरण के लिए राजस्थान में बड़े बीजों वाली प्रजातियों में आम, महुआ, जामुन, अर्जुन, बहेड़ा, सादड़, कणज, घटबोर, लिसोड़ा, बीजासाल, खाखरा, कड़ाया, सीताफल, बेल, नीम, कचनार, तेंदू, बिस्तेंदू, गोदल, ऊंबिया, इमली, सागवान, बेर, खजूर, अचार या चारोली, कुसुम, हिंगोट, अरीठा, आदि शामिल हैं। कुछ ऐसी प्रजातियाँ भी उगाना चाहिये जो फलों के लिये प्रसिद्ध हैं, भले ही वे छोटे बीज वाली हों। आँवला, बरगद, कैंथगूलर, पीपल, कैर, लिसोड़ा, जाल, खेजड़ी आदि फल के लिये जानी जाती हैं (देखें, डी.एन. पाण्डेय, अरावली के वन्य वृक्षः वनवर्धन एवं पौधशाला प्रबंध, पृष्ठ 1-24, 1992)।

चूंकि ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स का दायरा धीरे-धीरे बढ़ाना आवश्यक है। इसके लिए सबसे उपयोगी यह है कि ऐसे क्षेत्रों को फॉरेस्ट रेस्टोरेशन के लिये चयनित किये जा रहे बड़े क्षेत्रों के अंदर लेकर बड़े दायरे में बीजारोपण व बहुत आवश्यक हो तो वृक्षारोपण करना चाहिये। बाहर के दायरे में जहां प्रजाति विविधता कम है या क्षेत्र खाली हो गये हैं वहां पर अर्ली-सक्सेशनल, मिड-सक्सेशनल, और लेट-सक्सेशनल प्रजातियों के मिश्रण की मृदा व जल संरक्षण के साथ सीधी बुवाई किया जाना उपयोगी रहेगा। साथ ही थोड़ी-बहुत वनस्पति जो उस क्षेत्र में हो उसका संरक्षण करना उपयोगी रहेगा। ऐसा करने से धीरे-धीरे ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट का दायरा बढ़ने लगेगा। इस रणनीति का एक लाभ यह भी है कि क्षेत्र में पक्षियों द्वारा विकीर्णित होने वाले बीजों का विकीर्णन भी पूरे वृक्षारोपण क्षेत्र में बढ़ेगा। सुरक्षित क्षेत्र में होने वाला अंकुरण और पनपने वाले पौधों के सुरक्षित बड़े पौधों के रूप में विकसित होने की संभावना बढ़ जाती है।

प्राचीन, विशालकाय वृक्षों वाले उष्णकटिबंधीय वन जैव-विविधता की जीती-जागती अनमोल विरासत हैं। इनका संरक्षण वैश्विक प्राथमिकता है। उष्णकटिबंधीय वनों और जैव-विविधता से मानवता को प्राप्त होने वाले सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ हेतु पुराने प्राथमिक वनों का कोई विकल्प नहीं है। प्राकृतिक जलवायु समाधान के रूप में इन वनों के प्रमाण-आधारित प्रबंध में निवेश अनिवार्य है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं)**

# भारत की समकालीन राजनीति में साधु-संत-योगियों की पहचान



महावीर सिंह

आजकल प्रिंट व टीवी मीडिया में साधु, संतों व योगियों की भारत की राजनीति में खासी चर्चा रहती है। भारत के संविधान के अनुसार साधु, सन्तो, योगियों को चुनावी राजनीति करने की पूर्ण स्वतंत्रता है। चुनाव लड़ना नागरिक का अधिकार है। इसलिए यह प्रश्न उठाना बेबुनियाद है कि इस सम्मानित श्रेणी के लोग चुनाव की राजनीति करते है। प्रश्न यह हो सकता है कि क्या जो इस श्रेणी के लोग चुनावी राजनीति में है, उनका आचरण, व्यवहार साधु-संतों-योगियों के शास्त्रोक्त गुणों-व्यवहार-दृष्टि (विजन) के अनुरूप है?

यह भी सुनने को मिलता है कि धर्म के बिना राजनीति नही हो सकती। आइए एक आम आदमी की दृष्टि से इन चर्चाओं-परिचर्चाओं को समझने का प्रयास करें। सामान्य रूप से सभी बड़े धर्मों- यथा--हिन्दू, ईसाई, इस्लाम, जैन, सिख आदि धर्मों में संतों, महात्माओं, योगियों के सम्बंध में उनके कर्तव्यों, गुणों आदि पर सम्बंधित शास्त्रों में उल्लेख मिलता है। दैनिक जीवन में भी प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। हिन्दू धर्म में इन्हें संत, साधु, योगी आदि नाम दिए हुए है, इस्लाम में इनके समक्ष पीर, औलिया, दरवेश आदि है तो ईसाई धर्म में इन्हें मुख्यतः संत का नाम दिया हुआ है।

हिन्दू धर्म में साधु, संत व योगी तीन अलग श्रेणियां है।

साधु की पहचान--- सभी मनुष्यों के प्रति उसके व्यवहार में शांति व समता, नम्रता, मित्रता, सद्व्यवहार प्रलक्षित होना चाहिए। साधु का आचरण-व्यवहार-वार्तालाप सत्य पर आधारित हो।साधु में सहनशीलता, जीवमात्र के प्रति दया होती है।साधु के दुश्मन नही हो सकते। उसका स्वयं के शरीर, मन पर पूर्ण नियंत्रण हो। सच्चे साधु के मुंह से दूसरे धर्म, व्यक्ति के लिए निंदा के शब्द निकल ही नही सकते।

साधारण बोल चाल की भाषा में आम आदमी साधु के व्यवहार-आचरण को इस प्रकार समझता है-

पानी बहता और साधु चलता-फिरता भला वरना उनमें मोह, माया के विकार उत्पन्न हो जाएंगे। इस से भी अधिक सरलता से साधु को कुछ प्रसिद्ध दोहों के माध्यम से समझ सकते है-

**''सिंहो के झुंड नहीं, हंस न मिले पाँति, लालों की नही बोरियां, साधु न चले जमात''** अर्थात सम, सद्व्यवहारी व ज्ञानी साधु दुर्लभ होते हैं, जमात बनाकर न रहते न चलते न ज्ञान बांटते फिरते।

**''जात न पुछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान, मोल करो तलवार का आदि रहण दो म्यान''**--अर्थात साधु की जाती उसका ज्ञान है--किस परिवार, धर्म, जाती में पैदा हुआ वह महत्वहीन है। सन्त कहलाने का केवल वह व्यक्ति ही अधिकारी है जो सत्यवादी, आत्मज्ञानी हो। यह गुण संत के व्यवहार, आचरण में झलकता है। कुछ प्रसिद्ध गृहस्थ संतों के रूप में कबीरदास जी व कई ओर नाम उल्लेखित कुए जा सकते हैं। संत शब्द में साधु, सन्यासी, विरक्त, त्यागी सब शामिल है।

इसी प्रकार एक सच्चा योगी अपने ज्ञान का सही तरीके से जनहितार्थ सदुपयोग करता है। वह शरीर को ईश्वरीय कार्यों को पूर्ण करने का साधन मात्र मानता है। मन और इंद्रियों पर उसका पूर्ण नियंत्रण है, इसका उसे कोई अभिमान नहीं होता। योगी अपरिग्रही होता है अर्थात वह अनावश्यक धनदौलत-साधनों का संग्रहण नहीं करता। योगी एक प्रमुख लक्षण होता है--**'आत्मवत् सर्वभूतेषु'** अर्थात सर्वत्र सब में एक ही ईश्वरीय सत्ता को देखता है। योगी अहंकार रहित होता है योगी अपनी मानवीय भूलों को निःसंकोच स्वीकार करता है। सम-विषम सभी परिस्थितियों को योगी निरपेक्ष भाव से देखता है। योगी का व्यवहार-आचरण-वाणी-कर्म में सर्वत्र-सदैव परहित सरस धर्म नहीं भाई की ही भावना झलकती है। समाजिक व धार्मिक दृष्टि से इन अत्यंत गरिमामय पदवियों के धारक जो राजनीति में हैं उनका आचरण, उनके लिए विहित गुणों व आचरण के अनुरूप है या नही इस पैमाने पर ही जांचा जाना चाहिए कि वे राजनीति में आने के बाद सही मायने में इन पदवियों के पात्र हैं भी या नहीं?

प्रायः ही देखने में आया है कि इस श्रेणी के कुछ राजनीतिज्ञ अत्यंत विषैली व मनुष्यों में हर तरह का भेदभाव करने वालीभाषा में आलोचना करते है तो वे संत, साधु या योगी जैसे गरिमामय पदवियाँ कैसे धारण कर सकते हैं? सामान्यतः देखने में तो यही आ रहा है कि कई लोग जो साधु, साध्वी, संत, योगी जैसी अत्यंत सम्मानित पदवियाँ लगाकर राजनीति करते है, उनका आचरण इनके अनुरूप नही है।

साधु संतों से भिन्न कथावाचको की भी बड़ी अद्भुत दुनिया है। उनके नाम के पीछे भी बड़ी-बड़ी धार्मिक पदवियाँ लगी हुई होती है। इन लोगों का भी समाज पर व राजनीति में बड़ा प्रभाव है। आजकल अनेक ऐसे कथा वाचक बड़े जोर-शोर से आक्रोशित भाषा में, रात और दिन सनातन (जिसको इसे जैसे समझना है समझे) के प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं। कई ऐसे निःस्वार्थ भाव से करते हैं और अखबारी सूचनाओं के अनुसार कईयों को उनके काफिले की व्यवस्था के लिए काफी फीस भी देनी पड़ती है। इस लेखक का इन प्रसिद्ध कथावाचकों से वे जो कुछ कहते-करते है उसके अतिरिक्त इन बातों पर भी ध्यान दें तो अत्यंत परोपकारी कार्य होगा।

बहुत से लोग अपने व्यवसायों, दुकानों, उत्पादों पर देवी-देवताओं, भगवान के अवतारों पर नाम रख लेते हैं उसे रुकवाए। जैसे धरि शंकर पान भंडार, रेस्टोरेंट/ भोजनालय I/ अगरबती आदि-आदि। शायद किसी अन्य धर्म के अनुयायी ऐसा करते हों। क्या सुधि पाठक इस प्रकार के नाम रखना उचित मानते है?? मंदिरों के नाम भी ऐसे मिलते है जैसे रोजगारेश्वर--पतालेश्वर--दक्षिण मुखी फला-फला देवता आदि। इसी प्रकार लोग मनमर्जी से सार्वजनिक रास्तों, भूमियों पर मंदिर निर्माण कर लेते है। इस से सामान्य मनुष्य के मन-मष्तिष्क में देवी/देवता की प्रतिष्ठता के सम्बन्ध में क्या असर पड़ता होगा? बहुत ही कम लोग अपनी स्वयं की भूमि पर ऐसा करते है। चूंकि नामी कथावाचकों का लोगों पर काफी प्रभाव होता है, उन्हें इस दिशा में अपने भक्तों को सद् मार्ग दिखाना चाहिए।

क्या प्रसिद्ध कथावाचक इस दिशा में कोई सार्थक पहल कर सकते है??

**–महावीर सिंह,**
**(पूर्व आईएएस)**

# देश की आजादी, जनजाति स्वाभिमान में बिरसा मुंडा का योगदान अविस्मरणीय : उपराष्ट्रपति

**■ भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर उदयपुर के कोटडा में जनजाति गौरव महोत्सव आयोजित**

**उदयपुर,** (कासं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा का नाम सामने आते ही हालात बदल जाते हैं, महज 25 साल की उम्र भी नहीं हुई और देश की आजादी, जनजाति समाज के स्वाभिमान व मिट्टी के लिए उनका योगदान अकल्पनीय और अविस्मरणीय है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष में उदयपुर जिले के सुदूर कोटडा कस्बे में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग तथा राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद के तत्वावधान में आयोजित जनजाति गौरव महोत्सव को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।




कोटडा में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल हुये।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि बड़ा अच्छा लग रहा है, जो हमारे मन में है और सदैव प्रातः स्मरणीय हैं उनका आज सम्मान हो रहा है। उनकी सोच दूरदर्शी थी और उनका संकल्प था कि हमारा राज आएगा और उनका राज जाएगा। सांस्कृतिक सोच को इस बालक योद्धा ने तीन शब्दों में समाहित कर दिया जल, जंगल और जमीन। उन्होंने बिरसा मुण्डा को इस धरती का पुजारी और पर्यावरण का हितैषी बताते हुए कहा कि आपके दृढ़ संकल्प को सच होता देखकर मेरा मन अति प्रसन्न है कि अब अपना देश बदल रहा है। देश के सर्वाच्च पद राष्ट्रपति के पद पर जनजाति की महिला द्रोपदी मूर्मु बिराजमान है और यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। यह सम्मान कोई बक्शीस नहीं है, आपका और हमारा अधिकार और उस अधिकार को प्राप्त कर पद को सुशोभित किया है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा हमें हमेशा प्रेरित करेंगी। राष्ट्र भावना का संचार करेंगी।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आजादी की लडाई में हजारों लाखों लोगों ने योगदान दिया। पता नहीं क्यों इतिहासकारों ने बिरसा मुंडा के योगदान, मानगढ़ धाम के बलिदान को भूला दिया। आजादी के अमृतकाल में आजादी की लड़ाई के भूले बिसरे नायकों को सम्मान दिया जा रहा है। हर वर्ष 15 नवंबर को बिरसा मुण्डा की जन्म जयंती को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप मनाया जा रहा है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का पूरा जीवन राष्ट्रवाद का संदेश है। उन्होंने आमजन से आव्हान किया कि सभी इस महापुरूष को समझे और इनके कृत्य को आदर्श माने और हमेशा राष्ट्रवाद को सर्वापरि रखे। धनखड़ ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ते कदमों का जिक्र किया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराडी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजाति गौरव के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जनजाति संस्कृति और सम्मान को पुनर्जीवित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के प्रारंभ में वनवासी कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह खारवा एवं राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री भगवान सहाय ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया। सह संगठन मंत्री भगवान सहाय ने वनवासी कल्याण परिषद के विभिन्न प्रकल्पों और गतिविधियों की जानकारी दी।

समारोह में जिले के प्रभारी एवं राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, गोगुंदा विधायक प्रताप भील, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, उप जिला प्रमुख पुष्करलाल तेली, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, सीईओ जिला परिषद हेमेंद्र नागर, उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कोटड़ा में आयोजित जनजाति गौरव महोत्सव में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जनजाति प्रतिभाओं का सम्मान किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एमबीबीएस चिकित्सक डॉ. रामलाल मीणा, डॉ. कन्हैयालाल मीणा, डॉ. खुमाणसिंह मईडा, पीएचईडी के दिलीपसिंह भील, इंजीनियर मुकेश डामोर, अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज धनेश्वर तथा अंतराष्ट्रीय तीरंदाज नरेश डामोर को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

वहीं राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी माताश्री स्व. केशरीदेवी तथा सुदेश धनखड़ ने अपनी माता भगवतीदेवी की स्मृति में पौधारोपण किया। उप वन संरक्षक अजय चित्तौडा ने धनखड़ को जिले में अभियान के तहत पौधरोपण की जानकारी दी। कोटडा स्थित राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद परिसर में धनखड़ के स्वागत में लोक कलाकारों ने परंपरागत गवरी नृत्य किया। उन्होंने एक कलाकार से ढोल लेकर स्वयं ढोल पर थाप देकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।


# स्कूल व्याख्याता प्रतियोगी परीक्षा (संस्कृत शिक्षा विभाग) आज से

**■ 21 नवंबर तक चलेगी परीक्षा, इस परीक्षा में 1 लाख 12 हजार 968 अभ्यर्थी शामिल होंगे**

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की ओर से स्कूल व्याख्याता प्रतियोगी परीक्षा-2024 (संस्कृत शिक्षा विभाग) का आयोजन 17 से 21 नवंबर तक होगा। इस परीक्षा में 52 पदों के लिए 1 लाख 12 हजार 968 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए हैं। पहले दिन रविवार को जनरल अवेयरनेस एंड जनरल स्टडी की परीक्षा होगी। यह परीक्षा अजमेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर के जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। जनरल अवेयरनेस एंड जनरल स्टडी विषय की परीक्षा रविवार को सुबह 10 से 11:30 बजे तक होगी।

ऐच्छिक विषयों की परीक्षाएं 18 से 21 नवंबर तक दो पारी में ली जाएंगी। परीक्षा केंद्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर मूल फोटो पहचान-पत्र लेकर उपस्थित होना होगा। ऐच्छिक विषय हिन्दी की परीक्षा 18 नवंबर सुबह 9 से 12 बजे तक, इतिहास की 18 नवंबर दोपहर 2:30 से सायं 5:30 बजे तक, राजनीति विज्ञान विषय की 19 नवंबर सुबह 9 से 12 बजे तक, अंग्रेजी विषय की 19 नवंबर दोपहर 2:30 से सायं 5:30 बजे तक, यजुर्वेद विषय की 20 नवंबर सुबह 9 से 12 बजे तक, जनरल ग्रामर विषय की 20 नवंबर दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक, ग्रामर विषय की 21 नवंबर सुबह 9 से 12 बजे तक और लिटरेचर विषय की 21 नवंबर दोपहर 2:30 से सायं 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

## राशिफल रविवार 17 नवम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, रोहिणी नक्षत्र सायं 5:23 तक, शिव योग रात्रि 8:21 तक, तैतिल करण प्रातः 6:52 तक, चन्द्रमा रात्रि 4:31 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-वृष, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-धनु, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज द्विपुष्कर योग सायं 5:23 से रात्रि 9:07 तक है। राजयोग सायं 5:23 से सूर्योदय तक है। आज अशून्य शयन व्रत, रोहिणी व्रत है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 8:11 से 9:31 तक, लाभ-अमृत 9:31 से 12:11 तक, शुभ 1:31 से 2:31 तक।


**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:52, सूर्यास्त 5:31

### मेष




अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

### वृष




वर्तमान में चल रहा मानसिक तनाव दूर होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मिथुन




आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च में वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा।

### कर्क



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी।

### सिंह



अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

### कन्या




परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

### तुला



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

### वृश्चिक



परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। अतिथियों का आगमन रहेगा।

### धनु



अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।

### मकर




महत्वपूर्ण मामलों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सुख-सुविधाओं पर धन खर्च होगा।

### कुंभ



घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### मीन



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

## सार-समाचार

### फतहसागर पर ग्रीन कान्हा रन आज

**उदयपुर, (कासं)।** वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हार्टफुलनेस संस्थान की ओर से आयोजित ग्रीन हार्टफुलनेस दौड़ रविवार सुबह 7 बजे फतेहसागर की पाल पर आरंभ होगी। हार्टफुलनेस केंद्र प्रभारी डॉ राकेश दशोरा ने बताया कि ऐसे समय में जब हम जलवायु परिवर्तन और कार्बन फुटप्रिंट के बारे में बात कर रहे हैं, ग्रीन हार्टफुलनेस रन संभवतः आयोजित की जाने वाली सबसे अधिक सामयिक जलवायु जागरूकता दौड़ सिद्ध होगी। उल्लेखनीय है की उदयपुर में अभी 200 से अधिक और भारत में 18000 से अधिक पंजीयन इस दौड़ के लिये हो चुके हैं। पंजीयन के लिये 149, 399 और 599 रुपये की तीन केटेगिरि रखी गयी हैं। हर्टफुलनेस क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती मधु मेहता ने बताया कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पोषित इस दौड़ मे प्रतिभागियों को दौड़ के पश्चात प्रमाण पत्र, अल्पाहार, टी शर्ट और मेडल भी प्रदान किया जायेगा। युवा प्रकोष्ट प्रभारी दीपक मेनारिया ने बताया कि सभी प्रतिभागी और हर्टफुलनेस अभ्यासी इसमें भाग लेने हेतु ङफतेहसागर की पाल पर देवाली छोर पर प्रातः 7 बजे एकत्रित होंगे और 7.30 पर दौड़ प्रारंभ होगी। जिन भाइयों बहनों ने किसी कारणवश पंजीकरण नहीं कराया है वह भी इसमें आमंत्रित है। दौड़ के पश्चात अल्पआहार एवं हार्टफुलनेस ध्यान का सत्र विद्याभवन केंद्र पर प्रातः 9 बजे होगा।

### मौताणा तय होने पर शव लिया

**उदयपुर, (कासं)।** विद्युत कार्य करते समय करंट लगने से संविदा कर्मी की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर आए ठाामीणों ने मौताणें की मांग करते हुए जीएसएस का घेराव कर शव लेने से इनकार किया। दूसरे दिन दस लाख मौताणा तय होने पर परिजन शव ले गए। बैकरिया थाना क्षेत्र देलवा स्थित विद्युत विभाग के जीएसएस पर विद्युत खंभे पर शुक्रवार सांय काम करते समय करंट लगने से विभाग के संविदा कर्मी पालछ निवासी उदयलाल पुत्र अमराराम की मौत हो गई। सूचना मिलने पर आए मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने मौताणें के रूप में परिवार के एक सदस्य को नौकरी एवं मुआवजा देने की मांग करते हुए जीएसएस को घर लिया तथा शव लेने से इनकार कर दिया। इधर सूचना मिलने पर बैकरिया थानाधिकारी उत्तमसिंह ने मौके पर पहुंच कर विद्युत विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलवाया है। घटना के दूसरे दिन शनिवार को मृतक के परिवार व ठेकेदार के बीच हुई बातचीत में 5 लाख रूपये ठेकेदार द्वारा एवं 5 लाख रूपये बीमा क्लेम की राशी दिलाने का आश्वासन देने के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### यातायात व्यवस्था बाधित रही

**उदयपुर, (कासं)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड की उदयपुर यात्रा के चलते शनिवार को पर लेकसिटी की यातायात व्यवस्था बाधित रही जिससे स्थानीय बाशिंदों के साथ ही पर्यटक भी घंटो परेशान रहे।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड की उदयपुर यात्रा पूर्व निर्धारित थी लेकिन यात्रा को लेकर शहर की आन्तरिक यातायात व्यवस्था के बारे में प्रशासन की ओर से ना कोई तैयारी दिखी और ना पूर्व चेतावनी। अचानक पुलिस जाप्ता आया और जोर आजमाइश करके रास्ते रोक दिए गए। जरूरी काम से निकले लोग जाम में फंस गए। घंटों तक थमे रहे। समझ ही नहीं पाए कि उनके साथ आखिर ये हो क्या रहा है। जिनको बहुत जरूरी काम या मेडिकल इमरजेंसी थी वे झुंझला कर सिर पटकते रह गए। टूरिस्ट सीजन होने से इन दिनों शहर में पर्यटकों का सैलाब है लेकिन कई देसी विदेशी टूरिस्ट भी जाम में फंसे जिससे शहर की छवि को भी धक्का लगा। आपको बता दें कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड का कार्यक्रम मिनट टू मिनट पहले से तय था। प्रशासन को सिर्फ जनता को यह बताना था कि कब और किस रास्ते पर सफर नहीं करना है। लेकिन कोई सूचना नहीं होने से जनता परेशान रही।

### हादसे में ट्रेलर चालक की मौत घायल

**उदयपुर, (कासं)।** गोगुन्दा थाना क्षेत्र मेंअनियंत्रित ट्रेलर पलटने से घायल चालक की मौत हो गई। गोगुन्दा थाना क्षेत्र हाइवे पर सिंति कीर्तिराज होटल के समीप हुए सडक हादसे मे घायल ट्रेलर चालक शिवपुरा करेड़ा भीलवाड़ा निवासी फतहसिंह पुत्र प्रेमसिंह राजपूत की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। फतहसिंह अपने साथी खलासी दोनों गुजरात से कोयला लेकर टेलर चित्तोडगढ की तरफ ले जा रहा था। जहां शुक्रवार सांय घटना स्थल के समीप ट्रेलर पलट गया था। हादसे में गीभीर घायल होने पर चालक को एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर बद्रीलाल एएसआई ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सोंप दिया।

### मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** युवती ने आरोपी के खिलाफ अश्लीलता करने का प्रकरण दर्ज करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने प्रदीप नामक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मैं गर्ल्स हॉस्टल में रहते हुए पढाई कर रही हूं।11नवंबर को नहाते समय आरोपी ने झां कर अंदर देखा। एतराज करने पर भी आरोपी एसा करता रहा। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### नवजात बच्ची मिली

**उदयपुर, (कासं)।** गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र निचला गोयरा बारापाल रोड़ किनारे 15 नवंबर को नवजात बच्ची मिली। सूचना पर नवजात को एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। इस मामले में बारापाल हॉल सरपंच शंकरलाल उर्फ राजेश कुमार कटारा ने पुलिस को सूचना कर अज्ञात महिला के खिलाफ गोवर्धन विलास पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

### डाली व मोहन को किया सम्मानित

**उदयपुर, (कासं)।** बांसवाडा हुए राज्य स्तरीय बिरसा मुंडा जन्म जयंती जनजाति गौरव दिवस सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर जिले के टीएसपी क्षेत्र की उभरती जनजाति खेल प्रतिभा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धार की छात्रा डाली गमेती तथा पूर्व छात्र मोहनलाल गमेती को उनकी खेल उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।

# डोडा चूरा तस्करी का मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार

■ डेढ़ करोड़ से अधिक का अवैध डोडा चूरा मय ऑटो जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अवैध डोड़ा चुरा तस्करी मामले में अन्तर्राज्यीय गिरोह के मुख्य सरगना सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से डेढ करोड़ का अवैध डोडा चुरा से भरा ऑटों जब्त किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अलख नयन हॉस्पीटल प्रतापनगर के सामने एक दुकान पर दबीश देकर भारी माता में अवैध अफिम डोडा चुरा रख का उसकों पार्सल के रूप में पैक करते अन्तर्राज्यीय डोडा चुरा तस्कर गिरोह के मुख्य सरगना लक्ष्मीपुरा थाना बडी सादड़ी चित्तौडगढ निवासी विनोद धाकड़ पुत्र सुरेश धाकड़, उदयनाथ पुत्र नाथूनाथ निवासी साटोला थाना जालोद प्रतापगढ तथा पप्पुसिंह पुत्र बाघसिंह निवासी नाहरसिंह का खेड़ा बडीसादड़ी चित्तौडगढ को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 16 क्विंटल 42 किलों अफिम डोडा चुरा मय ऑटों जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। आरोपी विनोद डोडा चुरा तस्कर गिरोह का मुखिया होकर अपने साथियों पप्पुसिंह, उदयनाथ के साथ मिल कर बडी सादड़ी, चित्तौडगढ की तरफ से भारी मात्रा में अवैध अफिम डोडा चुरा उदयपुर अपने गोदाम पर लाकर कार्टून में भर कर पार्सल को मुर्गी दाना बता कर उदयपुर से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली जाने वाली ट्रांवेल्स बसों में रख तस्करी जरिये भेजता है। प्रारंभिक पूछताछ में पिछले दो वर्ष से मेवाड़, एमपी राज्य से सटेक्षैत्रो से अफिम डोडा चुरा की तस्करी कर पंजाब, हरियाणा व दिल्ली तक भेजने की जानकारी सामने आई है। बरामद माल की बाजार कीमत करीब डेढ करोड़ रूपये बताई जाती है। आरोपि विनोद धाकड उदयनाथ के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज है तथा वह बडी सादड़ी थाने का वांटेड अपराधी है।

इसी प्रकार शहर के प्रतापनगर थाना पुलिसने कैलाश पुत्र लोगर गाडरी निवासी डिगरकिया थाना घासा हॉल झरनों की सराय देबारी प्रतापनगर की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ 14 नवंबर को मकान के बाहर खड़ी कार चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

## सीनियर फुटबॉल प्रीमियर लीग चैम्पियनशिप का उद्घाटन

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय के बालकृष्ण स्टेडियम कांकरोली में जिला फुटबॉल संघ एवं नगर परिषद राजसमन्द के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार से 19 नवम्बर तक आयोजित राजसमन्द सीनियर फुटबॉल प्रीमियर लीग चैम्पियनशिप का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ।

प्रतियोगिता के संयोजक मनोज हाडा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले की बेहतरीन 6 टीमों के बीच लीग मैचों का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में तमाम मैच सांयकालीन सत्र में दुधिया रोशनी में खेले जायेंगे। उद्घाटन मैच में अतिथि पूर्व फुटबॉल खिलाडी ओम व्यास, जीतू सनाढ्य, मिन्टु बन्ना, मनोज हाडा, राकेश डांगी, अशोक सरवा आदि ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल प्रीमियर लीग का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच टाईटेनिक फुटबॉल क्लब बनाम आरके क्लब गवारडी के बीच खेला गया। जिसमें दसवें मिनट में आरके क्लब गवारडी के जर्सी नं-2 के खिलाडी महेश ने मैदानी गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढत दिलाई, जिसके मुकाबले में टाईटेनिक क्लब के निखिल ने सैकण्ड हाफ के 5वें मिनट में शानदार 1 गोल कर अपनी टीम को 1-1 की बराबरी पर खडा किया।

मैच के ऑफिशियल के रूप में मैच रेफरी आशीष मीणा, राजीव महल्ला, सुनील सुथार व दयाल सुथार थे। जिला फुटबॉल संघ के सचिव अशोक सरवा ने बताया कि प्रतियोगिता का दूसरा मैच एनजीपी एमडी बनाम बालाजी क्लब लवाणा के बीच खेला गया। जिसमें एमडी फुटबॉल क्लब कैप्टन देवनारायण सेन के नेतृत्व में एवं बालाजी फुटबॉल क्लब लवाणा टीम ने कैप्टन गोपाल सालवी के नेतृत्व में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। एनजीपी एमडी फुटबॉल क्लब के मैनेजर के रूप में कमलेश कुमावत ने अपनी टीम की हौंसला अफजाई करते हुए अपना मार्गदर्शन दिया। जिससे एमडी टीम के जर्सी नं-7 के खिलाडी भावेश ने हेड शॉट खेलते हुए अपनी टीम को 1-0 की बढत दिलाई। इसी तरह एमडी टीम के जर्सी नं-1 के खिलाडी नरेन्द्र ने शानदार मैदानी गोल कर अपनी टीम को 2-0 की बढत दिलाई जो अन्तिम क्षणों तक बरकरार रही। जिससे एनजीपी एमडी टीम ने 2-0 से इस प्रतियोगिता का प्रथम मैच अपने पक्ष में किया।

प्रतियोगिता के कॉर्डिनेटर धर्मेन्द्र अनोखा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच रहने वाले खिलाडी को शम्भु इलेक्ट्रॉनिक की ओर से वायरलैस इयरफोन दिया जाएगा। शुक्रवार को हुए पहले मैच टाईटेनिक क्लब बनाम आरके क्लब गवारडी में मैन ऑफ द मैच आरके फुबॉल क्लब गवारडी के भावेश को एवं द्वितीय मैच में मैन ऑफ द मैच एनजीपी एमडी फुटबॉल क्लब के खिलाडी नरेन्द्र को दिया गया।

इस चैम्पियनशिप में संदीप नायक द्वारा फाईनल मैच में फुटबॉल हब फाईनल प्लेयर ऑफ टुर्नामेंट का दिया जाएगा। प्रतियोगिता में कॉमेन्ट्री हेमन्त पालीवाल एवं तुलसीराम कुमावत ने की। यह जानकारी सचिव जिला फुटबॉल संघ अशोक सर्वा ने दी।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

**राजसमंद, (निसं)।** जिले में कुंवारिया कस्बे के मेला ग्राउंड परिसर पर रविवार को खटीक समाज द्वारा आयोजित होने जा रहे सामूहिक विवाह सम्मेलन में दो तुलसी मैया व ठाकुरजी के संग फेरे लेंगे व 33 जोडे परिणय सूत्र में बंधेंगे।

आयोजक रमेश चंदेल, ओमप्रकाश चावला ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शनिवार को विवाह उत्सव को लेकर बैंडबाजों की मधुर स्वर लहरियों के साथ बन्नो मारो चारभुजा रो नाथ, बन्नी मारी तुलसा लाडली, मोहन आओ तो सही गिरधर आओ सहित विभिन्न धार्मिक भजनों के साथ महिला अपने सिर पर कलश लेकर आई। महिलाएं इस दौरान मंगल गीत गाती हुई चल रही थी। कलश यात्रा मुख्य मार्ग से गुजरी। जगह -जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। बाद में कलश यात्रा बस स्टैंड पहुंची। जहां विनायक स्थापना परिसर पर कलश रखे गए बाद में तुलसीजी की हल्दी व मेहंदी रस्म की गई। जिसमें महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए तुलसी मैया के हल्दी व मेहंदी लगाई। सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर भजन कीर्तन से माहौल धर्ममय बना हुआ है। विवाह को लेकर कुंवारिया शहर में जगह -जगह दो दर्जन से अधिक स्वागत द्वार भी बनाए गए हैं। कुंवारिया के मेला ग्राउंड पर रविवार को दो तुलसी संग ठाकुरजी सहित 33 जोडे परिणय सूत्र में बंधेंगे। रविवार सुबह 7 बजे नरसिंह द्वारा पर बारात का स्वागत किया जाएगा। उसके बाद 8 बजे बिंदोली व ठाकुरजी का वरघोडा प्रस्थान करेंगे। जो मुख्य मार्ग से होते हुए डेढ किलोमीटर दूर कुंवारिया थाने के सामने मेला ग्राउंड पहुंचेंगे।

## प्रतियोगिता शुरू

**डूंगरपुर, (निसं)।** स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान पर शनिवार को एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल ईएमआरएस की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आगाज हुआ। झंडा रोहण कर शपथ दिलाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 जिलों के ईएमआरएस स्कूलों की 30 टीमों के 1762 खिलाडी भाग ले रहे हैं। स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स पर आयोजित हो रही एकलव्य मॉडल स्कूल की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समारोह में जिला परिषद सीईओ हनुमानसिंह राठौड और टीएडी विभाग के उपयुक्त सत्यप्रकाश कसवा आदि मौजूद रहे।

## पोस्टर का विमोचन

**राजसमंद**, निसं, (निसं)। पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी वर्ष समारोह समिति ने शनिवार को अहिल्या कुंड स्थित शिवालय यशवंतेश्वर महादेव मंदिर नाथद्वारा में विभाग संघचालक फतहचंद सामसुखा, अविचल मदनमोहन, शिवानंद महाराज व श्रीनाथ मंदिर अधिकारी सुधाकर शास्त्री के आतिथ्य में पोस्टर विमोचन हुआ। जिला संघचालक मीठालाल शर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर को साहस, शक्ति, धर्म व पुरुषार्थ का प्रतीक बताया। देवी अहिल्या बाई राजमाता भी थीं परंतु उनका परिचय लोकमाता पुण्यश्लोक है क्योंकि उनके जीवन में पुण्य कर्मों के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। देवी अहिल्या बाई के जीवन से कुशल प्रशासन, लोकहित, न्याय, धार्मिक उत्थान, पुरुषार्थ, सामाजिक समरसता आदि गुणों को आज की सामाजिक व्यवस्था में आत्मसात किया जाना चाहिए। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्होंने महेश्वरम साडी उद्योग विकसित किया जो आज भी रोजगार का प्रमुख साधन हैं। उच्च चारित्रिक मूल्यों को जीने वाली देवी अहिल्या बाई होलकर हमें सदियों तक प्रेरणा देती रहेंगी। ॐ

ाहिल्याबाई होल्कर के जन्म के त्रिशताब्दी वर्ष पर 1 दिसंबर से 6 दिसंबर तक कार्यक्रम होंगे। जिसमें 24 नवंबर को गोवर्धन राउमावि नाथद्वारा में विराट संगौष्टी होगी, जिसमें समाज के प्रबुद्ध लोग मौजूद रहेगें। 25 नवंबर से 30 नवंबर तक गृह संपर्क अभियान चलेगा। 1 दिसंबर को प्रातः 9 बजे अहिल्या कुंड नाथद्वारा में पुष्पांजली देंगे। इसके बाद शाम 7 बजे ऑडोटियोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 2 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे राउमावि नाथद्वारा में विद्यार्थी रैली होगी।

## 'युवा पीढ़ी श्रम संस्कृति व स्वावलंबी भाव से हो रही विमुख'

■ स्वावलंबी भारत अभियान के तहत उद्यमिता प्रोत्साहन विचार गोष्ठी

**बांसवाडा, (निसं)।** राष्ट्र-ऋषि दत्तोपंत ठेंगडी जयन्ती को स्वदेशी स्वावलंबी दिवस के रूप में मनाया जाता है इसी के उपलक्ष्य पर स्वदेशी जागरण मंच की ओर से स्वावलंबी भारत अभियान के तहत उद्यमिता प्रोत्साहन विचार गोष्ठी न्यू लुक गर्ल्स पीजी कॉलेज में आयोजित की गयी। स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक नवनीत शुक्ल ने बताया कि गोष्ठी के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला विभाग कार्यवाह अशोक सुथार, मुख्य वक्ता जीजीटीयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो मनोज पंड्या व विशिष्ट अतिथि भारतीय मजदूर संघ के जुगल किशोर जोशी एवं सेवानिवृत्त शिक्षा उपनिदेशक हरिकृष्ण आचार्य रहे जबकि अध्यक्षता न्यू लुक संस्थान के निदेशक डॉ प्रदीप कोठारी ने की।

मुख्य वक्ता प्रो मनोज पंड्या ने कहा कि श्रम, पुरुषार्थ और स्वावलंबन सनातन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रही है समय, कालांतर में विभिन्न शासन-कालों में योजनाबद्ध तरीके से हमारी संस्कृति की इस महत्त्वपूर्ण थाती को भुलाया गया और आज युवा पीढी इस श्रम-संस्कृति, स्वावलंबी भाव से विमुख होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दिन-प्रति बढती प्रतिस्पर्धी जगत में बिना परिश्रम और उद्यमिता के कुछ भी हासिल नहीं होना है। प्रो पंड्या ने स्थानीय अनेक उदाहरण देकर स्पष्ट किया कि राजकीय सेवाओं पर निर्भरता, उसी की आस लगाने के बजाय आज का युवा कुछ नई दृष्टि, सनातन संस्कृति से सीख ले और अभिनव प्रयोग करें, नए क्षेत्रों के कौशल में दक्ष हो तो वह सरकार के सामने याचक नहीं बनेगा अपितु अनेक युवा योग्य युवकों को रोजगार में उन्मुख करेगा और समाज-सेवा-देशसेवा में अपना योगदान कर सकेगा। उन्होंने कहा कि युवा अपनी रूचि और योग्यता अनुसार कौशल दक्ष बनेगा तभी हमारा देश अपने वैभव को प्राप्त होगा। मुख्य अतिथि सुथार ने परिवार जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्य के पंच परिवर्तन का संदेश देते हुए कहा कि सनातन भारतीय जीवन पद्धति संस्कार से ओत-प्रोत है। सामजिक समरसता देश के कण-कण में विद्यमान है और इसे हमारे ऋषियों-महर्षियों ने जीवन्तता से सार्वभौमिक बनाया है। उन्होंने कहा कि जीवन पद्धति में सम्यक भजन, भोजन, भाषा और भूषा का सर्वोत्तम महत्त्व और प्रासंगिकता है। उन्होंने कहा कि स्व का भाव जागृत करने से ही पवित्र ध्येय की प्राप्ति होगी। विशिष्ट अतिथि जुगल किशोर जोशी ने भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगडी के व्यक्तित्त्व और कृतित्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उनके वैचारिक प्रतिबद्धता, भारतीयता से संयुक्त संगठन आज विश्व में सिरमौर हैं। इसके उपरांत उन्होंने गीत के माध्यम से संगठन के ध्येय को स्पष्ट किया।

डॉ प्रदीप कोठारी ने विगत पांच दशकों के स्व अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वदेशी और स्वावलंबन अपने आप में पूरक है। उन्होंने कहा कि आज समय के साथ कौशल और उद्यमिता का महत्त्व जानकार इसे अंगीकार करना ही होगा और इसकी शुरूआत स्वयं से ही करनी होगी। आज इस बात की भी आवश्यकता है कि भारतीयता से ओत-प्रोत और मूल्य प्रसारक शिक्षण-संस्थानों को अधिकाधिक प्रोत्साहित किया जाना चाहिए जो सनातन मूल्यों को अधिकतम प्रसारित कर सकें। गोष्ठी का प्रारंभ वाग्देवी और गोविन्द गुरु की प्रतिमा के माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ।




# बिना फायर एन.ओ.सी. चल रही डायपर फैक्टरी में आग लगी, 18 करोड़ का नुकसान

## मनोहरपुर की मंगलम कॉलोनी के पास करीब ढाई बीघा जमीन में 14 महीने पूर्व बच्चों के डायपर और सैनेटरी नैपकिन बनाने की फैक्टरी लगी थी

**मनोहरपुर,** (निसं)। थाना क्षेत्र के मंगलम कॉलोनी में स्थित हाइजीन प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड डायपर और नैपकिन फैक्टरी में शनिवार दोपहर में अचानक शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग लगने से फैक्टरी में रखा 18 करोड़ रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। पालिका क्षेत्र में करीब 40 से 50 फैक्टरी संचालित हैं। पर इनपर कार्यवाही नहीं होने के कारण इनके हौसले बुलंद हैं। जानकारी के अनुसार करीब 40 वर्कर फैक्टरी में कार्य करते हैं तो 20 हजार लीटर का टैंक होना जरूरी हैं।

जानकारी अनुसार मंगलम कॉलोनी के पास करीब ढाई बीघा जमीन में नागौर निवासी अशोक कुमार चौधरी ने करीब 14 महीने पूर्व बच्चों के डायपर और सैनेटरी नैपकिन की फैक्टरी लगा रखी है। जानकारी अनुसार फैक्टरी मालिक ने फैक्टरी संचालित तो कर दी, पर 14 महीने बीतने के बाद भी एनओसी नहीं ली। फैक्टरी के पास न तो फायर एनओसी थी और ना ही मिट्टी की बाल्टी, पाइप लाइन भी उपलब्ध नहीं है। शुक्रवार को फैक्टरी में करीब 10 करोड़ की नई मशीनें आई थी, जिनको लगाने का कार्य चल रहा था। वहीं फैक्टरी में नियमित रूप से चल रहा प्रोडक्शन का कार्य भी चल रहा था, जिसमें करीब 40 से 45 मजदूर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान करीब 11.45 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट होने से तार कच्चे सामान पर गिर गया, जिसके बाद फैक्टरी में लगे सभी तारों ने आग पकड़ ली। आग लगने से फैक्टरी में अफरा तफरी मच गई और सभी मजदूर जान बचाकर बाहर भाग गए। वहीं फैक्टरी में फायर सिस्टम नहीं होने से पास ही इन्हीं की पास स्थित दूसरी फैक्टरी से हैंड फायर सिस्टम लाया गया। जब तक उससे आग बुझाने का प्रयास किया जाता आग ने विकराल रूप ले लिया। बाद में फैक्टरी मलिक ने मामले की सूचना थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी और मौके पर बुलाया गया, लेकिन जब तक शाहपुरा से दमकल पहुंचती आग ने पूरी तरह से फैक्टरी को अपनी गिरफ्त में ले लिया।


जयपुर, शाहपुरा, आमेर, चौमूं, कोटपुतली, विराटनगर सहित कई स्थानों से दमकल को बुलवाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

- अचानक शॉर्ट सर्किट होने से तार कच्चे सामान पर गिर गया, जिसके बाद फैक्टरी में लगे सभी तारों ने आग पकड़ ली
- आग की भयावहता इतनी तेज थी कि करीब 10 किलोमीटर दूर से भी धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था

आग की सूचना पर तहसीलदार मनोहरपुर नीलम राज, पुलिस उपाधीक्षक शाहपुरा मुकेश चौधरी, थाना प्रभारी राजेंद्र यादव, हल्का पटवार संघ के कार्मिक मौके पर पहुंचे और विभिन्न स्थानों से 10 दमकलों और 4 टैंकरों को बुलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। किंतु देर शाम तक भी आग पर काबू नहीं पाया गया और फैक्टरी में करीब 10 करोड़ की मशीन सहित करोड़ों का कच्चा सामान जलकर राख हो गया। आग की भयावहता इतनी तेज थी कि करीब 10 किलोमीटर दूर से भी धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था।

**कई स्थानों से बुलवाई दमकल :-** इस दौरान मौके पर जयपुर, शाहपुरा, आमेर, चौमूं, कोटपुतली, विराटनगर सहित कई स्थानों से 10 दमकल गाड़ियों को बुलवाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। इस दौरान पानी की उचित व्यवस्था नहीं होने से पांच पानी के टैंकर भी मंगवाए गए। दमकल और टैंकरों ने करीब 31 फेरे करने के बाद भी आग नहीं बुझ पाई। घटना की जानकारी मिलने पर तहसीलदार शाहपुरा नीलम राज, विधायक मनीष यादव, भाजपा नेता उपेन यादव, पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रवीण व्यास, पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत, गिरदावर रामगोपाल जाट, पटवारी राजेन्द्र गुर्जर घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

**दमकल की कमी खली :-** मनोहरपुर को नगरपालिका में क्रमोन्नत तो की दिया गया किंतु पालिका में फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं होने से हर बार आग लगने पर शाहपुरा से दमकल मंगवानी पड़ती है। जब तक दमकल मौके पर पहुंचती है तब तक सब कुछ जल जाता है। ग्रामीणों ने विधायक मनीष यादव को अवगत करवाकर शाहपुरा में खड़ी रहने वाली दमकलों में से एकदम क मनोहरपुर में खड़ी करवाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा यदि मनोहरपुर नगरपालिका में फायर ब्रिगेड की गाड़ी होती तो समय रहते आग पर काबू पाया जा सकता था।

तहसीलदार ने कहा कि सोमवार तक सभी फैक्टरी संचालकों को नोटिस थमाया जाएगा। डायपर फैक्टरी सहित कई फैक्टरी में फायर सिस्टम नहीं होने की जानकारी मिली और वहीं फैक्टरी में फायर सिस्टम नहीं होने से आग बेकाबू हो गई जिस पर देर शाम तक भी काबू नहीं पाया जा सका।

नायब तहसीलदार निगम रजनी बताया कि मालिकों को नोटिस देकर उनसे फैक्टरी में फायर सिस्टम और फायर एनओसी के बारे में जानकारी ली जाएगी। जिनके पास फायर सिस्टम नहीं पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

फैक्टरी में काम करने वाले यूनिस खान और खोजावाला निवासी उगंता देवी ने बताया कि कार्य करने के दौरान शार्ट सर्किट से अचानक तर टूटकर कच्चे मटेरियल पर गिर गया। जिसने आग पकड़ ली। बाद में फैक्टरी के चारों तरफ तारों में भी आग लग गई। जिसके बाद श्रमिकों में भगदड़ मच गई। उन्होंने बाहर निकालकर मलिक को मामले की सूचना दी जिसके बाद हैंड फायर सिस्टम से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। कार्य करने वाले कर्मियों ने भाग कर अपनी जान बचाई।

# पचास लाख की फिरौती मांगने वाले तीन गिरफ्तार

- व्हाट्सअप कॉल से धमकी मिली थी कि 50 लाख रुपए दो, नहीं तो तुझे और तेरे परिवार को गोलियों से उड़ा दिया जायेगा
- पुलिस ने सतपाल उर्फ सतु को पुणे (महाराष्ट्र) से तथा लालसिंह व विक्रम को बीकानेर से गिरफ्तार किया

**बीकानेर,** (निसं)। एक व्यक्ति से पचास लाख रुपए की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन जनों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें मुख्य अभियुक्त को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार सात नवम्बर को बीकानेर के एक शख्स को छह नवम्बर को रात करीब पौने ग्यारह बजे कॉल आया। व्हाट्सएप कॉल पर पचास लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। परिवादी ने पुलिस को बताया कि 6 नवम्बर को रात में करीब10.46 बजे मुझे अज्ञात नम्बरों से व्हाट्सएप कॉल आया व मैसेज आया। 7 नवम्बर को सुबह करीब 8.54 बजे मुझे उसी व्हाट्सअप नम्बर से फिर व्हाट्सअप कॉल आया। फिर मुझे उसने बोला कि 50 लाख रुपए दो, नहीं तो तुझे और तेरे परिवार को गोलियों से उड़ा दिया जायेगा। तुम्हारे पास सिर्फ 24 घंटे का समय है। परिवादी ने पुलिस को बताया कि मुझे और मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस थाना हदां में मामला दर्ज किया गया। घटना की गम्भीरता को देखते हुए एसपी कावेन्द्र सिंह सागर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कैलाश सांदू के निर्देशन में कॉल करने वालों की पड़ताल की गई। कोलायत वृताधिकारी संग्रामसिंह थानाधिकारी हंदा ओमप्रकाश उनि और एएसआई दीपक यादव के नेतृत्व में साईबर सैल व पुलिस थाना हदां की अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। पुलिस की टीमों ने पूर्व में चालानशुदा अपराधियों की कुंडली खंगाली। संदिग्ध व्यक्तियों पर तकनीकी रूप से कार्य किया व बदमाशों को चिन्हित किया गया। अनुसंधान में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले। हदां थानाधिकारी ओमप्रकाश ने सतपाल उर्फ सतु को पुणे (महाराष्ट्र) से तथा लालसिंह व विक्रम को बीकानेर से गिरफ्तार किया। मुख्य मुल्जिम सतपाल उर्फ सतु की ईतला पर एक अवैध पिस्टल बरामद की गई।

पूछताछ के दौरानकई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आये कि परिवादी से व्हाट्सअप कॉल कर डरा-धमका कर रूपये हड़पना चाहते थे। उन पैसों से मौज मस्ती करनी थी। परिवादी के घर की रैकी भी की गई थी। लालसिंह व सतपाल उर्फ सतु पर पूर्व में फायरिंग व आर्म्स एक्ट के भी प्रकरण दर्ज है। पुलिस ने इस मामले में सतपाल उर्फ सतु पुत्र बस्तीराम बिश्नोई निवासी खिंदासर पीएस हदां जिला बीकानेर, लालसिंह पुत्र मांगूसिंह राजपूत निवासी खिंदासर पीएस हदां जिला बीकानेर और विक्रम पुत्र करणाराम आचार्य निवासी खजोड पीएस हदां जिला बीकानेर को गिरफ्तार किया है।

# हिरण का शव मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश

**सूरतगढ़,** (निसं)। इलाके में एक बार फिर हिरण शिकार की कोशिश का मामला सामने आया है। देर रात को गोपालसर गांव के रोही के चक 3 आरजेएम में ग्रामीणों ने हिरण का शव देखा और इसकी सूचना जीवरक्षा प्रेमियों को दी। सूचना मिलते ही जीवरक्षा के जिला अध्यक्ष मुकेश सुथार सहित अन्य वन्यजीव प्रेमी मौके पर पहुंचे।

जीवरक्षा प्रेमियों की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। विभाग की टीम ने मृत हिरण के शव को उठाने का प्रयास किया, लेकिन इस पर स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने इसका विरोध किया। इसके बाद विवाद बढ़ गया और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। ग्रामीणों ने मृत हिरण की पीठ पर गोली लगने की आशंका जताते हुए शव को उठाने नहीं दिया। वहीं, वन विभाग के अधिकारियों का कहना था कि मृत हिरण के शव का पोस्टमॉर्टम कराए जाने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि गोली लगी थी या नहीं। घटना की जानकारी मिलने के बाद राजियासर थाना पुलिस भी रात करीब 11 बजे मौके पर पहुंची और वन्यजीव प्रेमियों और ग्रामीणों से समझाइश की। हिरण के शिकार की आशंका को लेकर वन्यजीव प्रेमियों में आक्रोश था। वहीं, मौके पर मौजूद ग्रामीण वन विभाग के अधिकारियों से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

# नाबालिग का अपहरण, पंचायत भवन परिसर में सामूहिक दुष्कर्म

## ग्रामीणों ने दो दुष्कर्मियों को पकड़ा, तीसरा फरार हुआ

**बीकानेर,** (निसं)। जिले में श्रीडूंगरगढ़ के एक गांव में तीन बदमाश 13 साल की लड़की को घर से उठाकर ले गए और पंचायत भवन परिसर के सुनसान इलाके में सामूहिक दुष्कर्म किया। ग्रामीणों ने दो बदमाशों को मौके पर पकड़ लिया, लेकिन तीसरा फरार हो गया।

श्रीडूंगरगढ़ के एक गांव में रहने वाले पति-पत्नी देशनोक में करणी माता की ओरण परिक्रमा में गए थे। घर पर उनकी 13 साल की पुत्री और बच्चे ही थे। आरोप है कि रात को करीब नौ बजे गांव के ही भागीरथ जाट, पूनमचंद जाट व मोटर पार्ट्स का काम करने वाला रमेश कुम्हार घर में घुस गए और नाबालिग लड़की को अकेला देखकर उसका मुंह बांधकर उठा ले गए। घर के पास ही पंचायत भवन परिसर की चारदीवारी में सुनसान जगह ले जाकर लड़की से सामूहिक दुष्कर्म किया। लड़की ने शोर मचाया तो राहगीरों ने पड़ौसियों को बताया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वहां दो बाइक खड़ी मिली। ग्रामीणों ने घेराबंदी की तो पूनमचंद मौके से फरार हो गया, जबकि भागीरथ और रमेश पकड़े गए। इत्तला मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपियों को हिरासत में लिया। करीब 10 बजे पीड़िता के माता-पिता भी पहुंच गए। पीड़िता डरी हुई थी। सुबह उसने अपने परिजनों को पूरा घटनाक्रम बताया। उसके पिता की ओर से श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

एसएचओ इन्द्रकुमार ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल करवाया गया है। घटनास्थल की एफएसएल से जांच कराई गई है। हिरासत में लिए दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों की दो बाइक जब्त कर ली है। फरार पूनमचंद को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमों को भेजा गया है। मामले की जांच सीओ निकेत पारीक करेंगे।

# 141 किलो डोडा-चूरा पकड़ा, जोधपुर के दो युवक गिरफ्तार

## बिना नंबरी टाटा टेंपो के पीछे ट्रॉली में बनाये गुप्त चैंबर में रखा था डोडा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की मंगरोप थाना पुलिस ने बिना नंबरी टाटा टेंपो के पीछे ट्रॉली में बनाये गये गुप्त चैंबर से तस्करी कर जोधपुर ले जाया जा रहा 141.890 किलोग्राम डोडा-चूरा पकड़ा है। इस मामले में जोधपुर के दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

मंगरोप थाना प्रभारी डॉ. विवेक हरसाना ने चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा हाइवे पर विशेष अभियान के तहत मंडपिया स्टेशन पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस टीम ने चित्तौड़गढ़ की ओर से आये एक बिना नंबरी टाटा टेंपो को रोका। उसमें दो लोग सवार थे। पूछताछ में चालक ने खुद को जोधपुर जिले के कासती निवासी ओमाराम (25) पुत्र भगाराम जाट व उसके साथी ने खुद को सेवकीकलां निवासी राधेश्याम (22) पुत्र जोगाराम मेघवाल होना बताया। पुलिस ने टेंपो के पीछे बनी खाली ट्रॉली का निरीक्षण किया तो उसमें एक गुप्त चैंबर मिला, जिसमें डोडा-चूरा भरा था। पुलिस ने डोडा-चूरा कब्जे में लेकर वजन करवाया जो 141 किलो 890 ग्राम पाया गया। पुलिस ने डोडा-चूरा सहित टेंपो जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया, जिसकी जांच पुर थाना प्रभारी जय सुल्तान सिंह को सौंपी गई है।


मंगरोप थाना पुलिस ने डोडा-चूरा सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक में मृत मिला चालक

**मालपुरा,** (निसं)। जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाइवे के मालपुरा-केकड़ी सड़क मार्ग पर इंदोली के पास शनिवार की दोपहर सड़क किनारे एक ट्रक मे मृत अवस्था में मिले चालक के शव को पुलिस ने कब्जे में लिया।

लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर इंदोली के पास सड़क किनारे खड़ी एक आईसर गाड़ी में चालक के अचेतावस्था में पड़ होने की मिली सुचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एम्बूलेंस के पायलट औंकार चौधरी व ईएमटी राहुल शर्मा के सहयोग से पुलिस ने अचेत चालक को मालपुरा अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा गाड़ी के नम्बर के आधार पर गाड़ी मालिक की पहचान करते हुये गाड़ी जयपुर के झोटवाडा स्थित गौशाला की होना सामने आया। सुचना पर गौशाला संचालक व अन्य लोग तत्काल मालपुरा पहुंचे। जिन्होंने मृतक की पहचान श्याम विनोद पुत्र पुरूषोतम निवासी ग्राम घाटोली गोर्वधन गिरराजजी यूपी के रूप में की। गौशाला संचालकों ने बताया कि श्याम विनोद लम्बे समय से गौशाला की गाड़ी चला रहा था। प्रथमदृष्टया पुलिस ने चालक की मौत हृदयघात से होना मानते हुये मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ग्राम देवमाली पहुंची, भगवान देवनारायण के दर्शन किये

- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सरपंच के हाथों से बने खाने का लुफ्त उठाया
- उपमुख्यमंत्री ने देवमाली को बेस्ट टूरिस्ट विलेज बनाए जाने पर बधाई दी

**मसूदा,** (निसं)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को ग्राम देवमाली में भगवान देव नारायण के दर्शन कर देश व राज्य में खुशहाली की कामना की। मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत के देवमाली ग्राम आने के न्यौता देने पर शनिवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी देवमाली पहुंची, जहां उन्होंने ने देवमाली को बेस्ट टूरिस्ट विलेज बनाए जाने पर सभी को बधाई दी।

साथ ही गांव के बारे में जानकारी ली, जिस पर मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत व बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को गांव की परम्पराओं एवं गांव के बसाए जाने को लेकर जानकारी दी। साथ ही भगवान देव नारायण को दिए गए वचनों के बारे में एवं आज तक वचनों के निर्वाह करने की परंपरा से भी अवगत कराया। वहीं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से देवमाली के विकास के लिए पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए रोप-वे बनाने सहित देवमाली गांव के विकास को लेकर चर्चा की गई। जानकारी के अनुसार देवमाली धाम में रोजाना हजारों की संख्या में देश व प्रदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं जिसको लेकर विधायक ने देवमाली में सुविधा बढ़ाने के लिए भी चर्चा की। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी सहित देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रकाश बढ़ाना भी मौजूद रहे। देवमाली में विकास को लेकर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया। उसके पश्चात उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पहाड़ी पर बने मंदिर में भगवान देव नारायण के दर्शन कर देश एवं राज्य में खुशहाली की कामना की। इस दौरान सरपंच पूजा गुर्जर, पीरू गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेन्द्रसिंह राठौड़, मनोज जेथलिया, रावत उपमहासभा के अध्यक्ष विजय सिंह रावत, नारायणलाल गुर्जर, भंवर लाल गुर्जर, कुलदीप सामरिया, कुलदीप व्यास सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।


ग्राम देवमाली में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सरपंच पूजा गुर्जर के घर पर गाय के बछड़े को दुलार किया।

ग्राम देवमाली में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के पहुंचने पर ग्राम की सरपंच पूजा गुर्जर ने उपमुख्यमंत्री का चुनरी ओढाकर स्वागत किया। वहीं महिलाओं ने उपमुख्यमंत्री के टीका लगाकर एवं गुड़ खिलाकर अभिनंदन किया। दीया कुमारी ने भंवरलाल गुर्जर के निवास पर देवमाली सरपंच पूजा गुर्जर के हाथों से बना भोजन खाया। भोजन में बाजरे की रोटी दाल, मिर्ची के गट्टे व छाछ आदि का सेवन किया और गाय के बछड़े को दुलार किया कहा ऐसा अदभुत नजारा देख खुशी जाहिर की। वहीं भगवान देव नारायण मंदिर परिसर के बाहर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत ने भगवान राम का चित्र भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह राठौड़, कुलदीप सामरिया, पीरू गुर्जर, मनोज जेथलिया एवं पार्षद जसराज पंवार सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।


RIICO GROW WITH RAJASTHAN
राजस्थान सरकार का उपक्रम
बढ़ रहा प्रदेश बढ़ रहे उद्योग
रीको के साथ लगाएं नये उद्योग
रीको ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ईएमडी जमा कराएं!
जल्दी कीजिए! सिर्फ 4 दिन शेष

| कुल भूखण्ड | औद्योगिक भूखण्ड | व्यावसायिक भूखण्ड | आवासीय | दुकानें |
|---|---|---|---|---|
| 172 | 146 | 02 | 10 | 14 |

ईएमडी अंतिम तिथि 20 नवम्बर, 2024 सायं 06:00 बजे
ऑनलाईन बिड: प्रारम्भ तिथि 21 नवम्बर, 2024 प्रातः 10:00 बजे | अंतिम तिथि 25 नवम्बर, 2024 सायं 05:00 बजे
अजमेर | भरतपुर | बालोतरा | बांसवाड़ा | भीलवाड़ा | भिवाड़ी-I | भिवाड़ी-II
बीकानेर | चूरू | घिलोठ | जयपुर (उत्तर) | जयपुर (ग्रामीण) | जयपुर (दक्षिण)
ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर | झालावाड़ | जोधपुर | कोटा | किशनगढ़ | मण्डोर
बोरानाड़ा | पाली | राजसमंद | सवाईमाधोपुर | सीकर | श्रीगंगानगर
*T&C Apply
राज.संवाद/सी/24/7809
राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेलः riico@riico.co.in
ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें www.riico.co.in

# चिकित्सा विभाग में 4088 पदों पर नियुक्ति आदेश जारी

## महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 4008, हॉस्पिटल केयर टेकर के 32 एवं अनुकम्पा नियुक्ति के 48 पदों पर पदस्थापन आदेश जारी

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्तियों के कार्य को मिशन मोड में पूरा किया जा रहा है। इसी कड़ी में चिकित्सा विभाग ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 4008 पदों पर नियुक्ति प्रदान करते हुए पदस्थापन आदेश जारी किए। साथ ही, हॉस्पिटल केयर टेकर 32 पदों पर एवं 48 मृतक आश्रितों को विभिन्न पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति दी गई है। इस प्रकार विभाग में 4088 पदों के लिए पदस्थापन आदेश जारी किए गए हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया को गति दी गई है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 8 हजार पदों पर नियुक्ति दी जा चुकी है। विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 4008 पदों के लिए पदस्थापन आदेश जारी किए गए हैं। अभ्यर्थियों को उनकी मेरिट के आधार पर आनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से पूर्ण पारदर्शिता रखते हुए पदस्थापन किया गया है। इसी प्रकार हॉस्पिटल केयर टेकर के 32 पदों पर तथा संवेदनशील निर्णय लेते हुए 48 मृत्तक आश्रितों को नियुक्ति प्रदान की गई है। निदेशक अराजपत्रित राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव की आचार संहिता प्रभावी होने के कारण 7 जिलों के 533 अभ्यर्थियों के पदस्थापन आदेश बाद में जारी किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि चिकित्सा विभाग में राज्य परिवार कल्याण संस्थान के माध्यम से 20 हजार 500 से अधिक पदों पर भर्ती का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है।

## बुजुर्ग महिला से पर्स छीना

**जयपुर**। जवाहर सर्किल थाना इलाके में घर लौट रही एक बुजुर्ग महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने पर्स छीन लिया। महिला के साथ मौजूद बेटी ने बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन भाग निकले। महिला बेटी के साथ बाजार से सामान खरीदकर घर लौट रही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार पीडिता के पति अजय कांत खंडेलवाल ने बताया किपत्नी रजनी खंडेलवाल और उनकी बेटी तन्वी खंडेलवाल रात करीब 8 बजे बाजार से सामन खरीद कर घर लौट रही थी। दोनों ने कॉलोनी में पैदल गणेश मेडिकल वाली गली से प्रवेश किया। अचानक मोटर साइकिल सवार बदमाश तेज गति से निकले। उसने रजनी खंडेलवाल के हाथ से पर्स छीन ले गया। इस पर बेटी तन्वी ने काफी शोर किया।

# विश्व में भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं प्रवासी : देवनानी



विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी से सिंगापुर में शनिवार को मारवाड़ी मित्र मंडल से मुलाकात की।

**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शनिवार को सिंगापुर में मारवाड़ी मित्र मंडल के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। देवनानी का प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर आने के लिए आभार जताते हुए उनका अभिनंदन किया।

देवनानी ने मंडल के सदस्यों से सिंगापुर में सनातन संस्कृति के प्रकल्प, वहां के व्यवसाय में भारतीयों के योगदान, भारत एवं सिंगापुर के व्यापारिक संबंध, सिंगापुर में रह रहे लगभग 4.50 लाख भारतीय प्रवासियों के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की।

- **'अपने गांव शहर प्रदेश और देश में भी निभाएं भागीदारी'**

इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुनील गर्ग, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार, पीके जैन, महेश पाटोदिया सहित मंडल के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। देवनानी ने कहा कि प्रत्येक देश में प्रवासी भारतीय अग्रणी रहकर महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। भारतीय प्रवासी भारत को पूरे विश्व में गौरवान्वित कर रहे हैं। देवनानी ने कहा कि प्रवासी भारतीयों पर पूरे राष्ट्र को गर्व है।

देवनानी ने कहा कि प्रवासी भारतीय अपने गांव शहर प्रदेश और देश के लिए भी कार्य करें। जब भी उन्हें समय मिले वह अपने राष्ट्र के लिए सक्रिय भागीदार बने। देवनानी ने कहा कि मारवाड़ी समाज के लोगों का अंतरराष्ट्रीय व्यापार में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों में रह रहे मारवाड़ी समाज के लोग राइजिंग राजस्थान में आवश्यक रूप से भाग ले और अपनी जड़ों के लिए कर्तव्य निर्वहन पर सोचें।

## पुलिस अफसर को दो सप्ताह में पदोन्नति दें : हाईकोर्ट

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रार्थी पुलिस निरीक्षक की पदोन्नति व सेवा परिलाभ के रेट के 15 महीने पुराने आदेशों की पालना नहीं करने को गंभीरता से लिया है। इसके साथ ही राज्य सरकार व पुलिस विभाग को आदेश की पालना के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। ऐसा नहीं होने पर डीजीपी को हाजिर होकर यह बताने के लिए कहा है कि उन्होंने आदेशों की पालना क्यों नहीं की। जस्टिस एनएस ढड्डा ने यह निर्देश चन्द्र प्रकाश की अवमानना याचिका पर दिया।

मामले से जुड़े अधिवक्ता आशीष शर्मा ने बताया कि रेट ने प्रार्थी की अपील मंजूर किया था।

## मुम्बई में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का राजू मंगोड़ीवाला के नेतृत्व में स्वागत

**मुम्बई**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुम्बई आगमन पर होटल सेफटॉल बीकेसी में भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश संयोजक राजू मंगोड़ीवाला के नेतृत्व में राजस्थान निवासी प्रवासियों व व्यवसायियों के साथ स्वागत व अभिनंदन किया।

राजस्थान के उत्थान व नव निर्माण में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के राईजिंग राजस्थान कार्यक्रम हेतु पूरी दुनिया से प्रोजेक्ट व इन्फ्रास्ट्रक्चर आमंत्रित कर नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। व्यावसायिक प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने राजस्थानी पगड़ी व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।मुख्यमंत्री ने अपने का पाकर उत्साहित होकर सबका धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुम्बई के बड़े उद्योगपति राजू खंडेलवाल, नरेन्द्र मूंदड़ा, भूपेश खंडेलवाल, अशोक मूंदड़ा, विनोद कुम्बट, राजेश धानुका, महेश गुप्ता, बृज किशोर सौंखिंया, विकास डंगायच, अखिल काला व अतुल लाडीवाला सहित सैकड़ों व्यवसायियों की उपस्थिति रही।

# मोदी के संदेश से गहलोत और विपक्ष को क्यों है ऐतराज? : मदन राठौड़

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने आजादी के पहले भी देश को बांटने का काम किया और आजादी के बाद भी धर्म के आधार पर देश को बांट रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार मानकर "एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे" का संदेश दे रहे है, तो विपक्ष को इसमें दिक्कत क्या है? यह समझ से परे है। अगर देशवासी बटेंगे तो निश्चित रूप से राष्ट्र को हानि होगी। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस संदेश को कौन किस नजरिये से देख रहा है, यह उस पर निर्भर करता है सबका नजरिया अलग-अलग रहता है। भाजपा का नजरिया स्पष्ट है कि एक रहेंगे तो देश की एकता सुदृढ़ होगी और देश सुरक्षित रहेगा।

- **'पीएम मोदी देश के 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार मानकर "एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे" का दे रहे है संदेश'**

मदन राठौड़ ने कहा कि राजधानी जयपुर में एक वर्ग विशेष के मौलवी गहलोत के सामने कह रहे थे कि हम सड़कों पर उतर आए तो रूह कांप जाएगी और गहलोत ने इसका विरोध नहीं किया। 15 मिनट पुलिस हटा दो जैसे बयान पर गहलोत और कांग्रेसी नेताओं ने प्रतिक्रिया नहीं दी। ऐसे में इन लोगों को भाजपा के "एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे" पर आपत्ति हो रही है। किसी भी राजनेता को इस तरह की हरकत शोभा नहीं देती। हमें उनके पढ़ोगे तो आगे बढ़ोगे के नारे से कोई दिक्कत नहीं है, हम इसे स्वीकार करते हैं लेकिन उन्हें हमारे देशवासियों के एक रहने से ऐतराज क्यों है? यह विरोध कांग्रेसी नेताओं की मानसिकता को दर्शाता है।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ शनिवार को प्रेस से रूबरू हुए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उपचुनावों में मैंने कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्येक बूथ एवं मंडल पर जाकर देखा है, इसलिए सात में से सात सीटों पर जीत के दावें कर रहा हूं। विपक्ष कुछ बूथ या एक दो विधानसभा क्षेत्र में गए, इसलिए उन्हें वहां की रिपोर्ट मिली। राठौड़ ने कहा कि भाजपा में सदस्यता अभियान और चुनाव अभियान सतत प्रक्रिया है। भाजपा सदस्यता अभियान के बाद बूथ समिति का चुनाव होगा, इसके बाद मंडल और फिर जिला अध्यक्ष का चुनाव होगा। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष के लिए भी चुनाव होगा। यह सतत प्रक्रिया है। भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता को काम मिलेगा और प्रत्येक काम के लिए कार्यकर्ता भी होगा।

## महाराष्ट्र में अपने सभी वादे पूरे करेगी महायुति सरकार : भजनलाल शर्मा

**मिरा भाईंदर/महाराष्ट्र**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में आया अभूतपूर्व बदलाव हम सभी ने देखा है। चाहे गरीब कल्याण और विकास की योजनाएं हों, चाहे देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का खात्मा हो या दुनिया में भारत का बढ़ता गौरव हो, हम सभी देशवासी इस परिवर्तन के साक्षी बनें हैं। इसीलिए जनता को मोदी जी तथा भाजपा पर पूर्ण विश्वास है और आने वाले समय में देश में लंबे समय तक स्थायी रूप से भाजपा का ही शासन रहेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की डबल इंजन की सरकार ने महाराष्ट्र और मुम्बई में अभूतपूर्व विकास कार्य कराए हैं। इसको इस बात से समझा जा सकता है कि राजस्थान से मुम्बई आने में लगने वाला समय भी अब घटकर काफी कम हो गया है।

शर्मा ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के तहत मुम्बई में महायुति गठबंधन के मिरा भाईंदर विधानसभा से प्रत्याशी नरेन्द्र मेहता, भिवंडी पश्चिम विधानसभा से प्रत्याशी महेश प्रभाकर चौघुले तथा भिवंडी पूर्व विधानसभा से प्रत्याशी संतोष मंजय शेट्टी के समर्थन में आयोजित राजस्थानी समाज सम्मेलनों को संबोधित किया। मिरा भाईंदर में आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने लम्बे शासनकाल में भारी भ्रष्टाचार कर देश को लूटा। उनके कार्यकाल में आए दिन आतंकवादी घटनाएं होती थी। जब हम ऐसे दुःखद समाचार पढ़ते थे।

## बम से उड़ाने की धमकी देने वाले मामा-भांजे पकड़े

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में छोटी चौपड़ और बड़ी चौपड़ को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में विधायकपुरी थाना पुलिस ने मामा व दो भांजों को डिटेन किया है। पूछताछ में सामने आया कि जिन नम्बरों से बम से उडानें की धमकी दी गई थी वो फोन कुछ दिन पहले गुमशुदा हो गया था। पुलिस अब गुमशुदा फोन की लोकेशन के साथ कॉल करने वाले व्यक्ति की तलाश कर रही है। इस मामले की जांच विधायकपुरी थाना पुलिस कर रही है। इस मामले में विधायकपुरी थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

एसीपी अशोक नगर बालाराम ने बताया कि छोटी चौपड़ और बड़ी चौपड़ को बम से उडाने की धमकी देने के मामले में सिम के आधार पर मामा व दो भांजों को डिटेन कर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में तीनों ने कॉल करने से इंकार किया है। पूछताछ में तीनों ने बताया कि इस नम्बरों वाला फोन कुछ दिन पहले खो गया था। लेकिन उसकी गुमशुदगी पुलिस में दर्ज नहीं करवाई गई। एक भांजा नाबालिग है।

## रेस्तरां में कहासुनी के बाद मारपीट

**जयपुर**। जवाहर नगर थाना इलाके में रेस्टोरेंट पर खाना लेने आए एक युवक के साथ वाहन को आगे-पीछे करने को लेकर कहासुनी हो गई। सात-आठ युवकों ने पीडित के साथ मारपीट की और पर्स के साथ सोने की चेन सहित अन्य सामान छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार जवाहर नगर निवासी सुरेंद्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि वह जवाहर नगर स्थित एक रेस्टोरेंट पर खाना लेने गया था। वहां पर वाहन आगे-पीछे करने को लेकर दूसरे वाहन चालक से बहस हो गई। वहां पर मौजूद 7-8 युवकों ने उसके साथ मारपीट की और उसका पर्स , सोने की चेन, ब्रेसलेट छीनकर ले गए।

# जवाहर कला केन्द्र में बुकरू चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल का आगाज

- **बच्चों का रचनात्मक संसार हुआ साकार, 9 देशों के 28 एक्सपर्ट्स ले रहे सैशन**
- **इस कार्यक्रम में 4 से 14 वर्ष के बच्चे ले सकते हैं निःशुल्क हिस्सा**

**जयपुर**। 'सोने की चिड़िया', 'स्वर्ग का उपवन', सच्ची दोस्ती, नीलकमल और लाल कमल, ये कहानियां सिर्फ परी कथाएं नहीं बल्कि जिंदगी में सीख दे जाने वाले किस्से हैं। ऐसी ही अनोखी कहानियों, किस्सों और रचनात्मक गतिविधियों के जरिए बच्चों को किताबों से जोड़ने के लिए जवाहर कला केंद्र की ओर से आयोजित दो दिवसीय बुकरू चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल के 5वें संस्करण की शनिवार को शुरुआत हुई। फेस्टिवल का उद्घाटन केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती अलका मीणा ने आर इज फॉर राजस्थान एक्टिविटी में राजस्थान के बारे में अपने मन के भाव उकेर कर किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में बच्चों ने पैरेंट्स के साथ पहुंचकर इस उत्सव में हिस्सा लिया। फेस्टिवल में 9 देशों की 28 एक्सपर्ट्स बच्चों से रूबरू हो रहे हैं।

पहले दिन 28 सैशन व 2 ऑनगोइंग एक्टिविटी में बच्चों ने भाग लिया। जाहिर है बच्चों की अपनी एक अलग ही दुनिया होती है और उस दुनिया में जाने के लिए बच्चे बेहद उत्सुक दिखाई दिए। वह हंसते खिलखिलाते तैयार थे अपनी काल्पनिक दुनिया में जाने के लिए जहां सब वैसा है जैसा वो चाहते हैं। इसी कड़ी में सभी बच्चे अपनी आयु वर्ग के अनुसार विभिन्न सेशन में पहुंचे। कहानी ट्री में गीता रामानुजन ने बच्चों को बताया कि कैसे खुशियों ने एक राक्षस को अच्छा इंसान बना दिया, वत्सला जुत्शी ने अपने कहानी सुनाने के अंदाज से बच्चों को राजा-रानी की दुनिया में प्रवेश कराया और टीम प्रोग्रेसिव फोरम बच्चों को एक जादुई दुनिया में ले गए जहां से बाहर आने का किसी का मन ही नहीं किया। कहानी ट्री में प्रियंका चटर्जी, रचना छाबड़िया, शिल्पा मेहता, विनिथा ने भी अपने अनोखे अंदाज में कहानियां बच्चों के सामने रखी। कृष्णायन स्टूडियो में तब्दील हुआ जहां लेखक व कलाकार विनिथा ने बच्चों को जामिनी रॉय की तरह बनने के लिए प्रेरित किया, जो पूरे दिन कलाकारी करना चाहता था चाहे उसके पास कागज या पेंट हो या न हो बस वह अपने आप को आर्टिस्ट मान चुका था। मेघा गुप्ता के मोंटूज मॉन्स्टर सेशन में बच्चों ने अपने डर का सामना करके उसे हराना सीखा जिसमें बच्चों की उत्सुकता यह दर्शा रही थी कि उनकी काल्पनिक दुनिया में कुछ बातें हैं जो सिर्फ वही समझ सकते हैं,जिससे उन्हें खुद ही निपटना होगा। नंदिता दा और मैक्स एस्टेस के सेशन को भी बच्चों ने खूब एंजॉय किया।

रंगायन ऑडिटोरियम में हुए पहले सत्र में आनंद नीलकंठनने माही के सपनों वाली दुनिया से बच्चों को जोड़ा। जैल स्लीमन रायडिंग ए रॉयल एलिफेंट सेशन में भारत की यात्रा का अनुभव करवाया। प्रत्युष गुप्ता ने कलर्स ऑफ म्यूजिक सेशन में शास्त्रीय संगीत के सौंदर्य से बच्चों को रूबरू करवाया। क्राफ्टी कॉर्नर में बिम्ब्राह मार्क्स, सिमरन तापड़िया, लॉरेंस, अलंकृता अमाया ने बच्चों को अलग-अलग क्राफ्ट बनाना सिखाया।

## 'लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया पर हमला करना निदंनीय'

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ आज शनिवार को देवली-उनियारा उपचुनाव के दौरान उपद्रव में घायल हुए न्यूज एजेंसी के वरिष्ठ पत्रकार अजीत सिंह शेखावत के आवास पर जाकर कुशलक्षेम पूछी और उनके साथी कैमरामेन धर्मेन्द्र कुमार के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शेखावत को आश्वस्त किया कि सरकार की ओर से उन्हें हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी टेलीफोन पर घटनाक्रम की जानकारी दी। राठौड़ ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है और मीडिया पर हमले कतई बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। पत्रकारों की सुरक्षा और इनके अधिकारों के लिए भाजपा सरकार सदैव तत्पर है। राठौड़ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में कोटपूतली बहरोड के गोरधनपुरा निवासी पर्वतारोही रितिका यादव का एवरेस्टबेस कैंप की 18591 फीट की ऊंचाई पर तिरंगा फहराने पर सम्मान किया।

## डॉ.काश्यप का कविता पाठ 17 को

**जयपुर** । वरिष्ठ कवि व गीतकार डॉ आनंद काश्यप आगामी रविवार 17 नवम्बर को अपनी कविताएँ और गीत सुनाएँगे। बोधि प्रकाशन , जयपुर द्वारा डॉ राधाकृष्णन राज्य केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजित होने वाले इस एकल काव्य पाठ के कार्यक्रम में पूर्व आई ए एस शुचि शर्मा व कवि मायामृग डॉ काश्यप के साथ संवाद भी करेंगे।

# बाड़मेर-जैसलमेर क्षेत्र के प्रसिद्ध लंगा मांगणियार कलाकारों ने किया मंत्रमुग्ध

**जयपुर** । रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट पर शनिवार की शाम जैसे-जैसे ढलने लगी, वैसे-वैसे पश्चिमी राजस्थान के विश्वप्रसिद्ध लंगा-मांगणियार कलाकारों का गायन-वादन श्रोताओं के सिर चढ़कर बोला। बाड़मेर-जैसलमेर क्षेत्र के प्रसिद्ध लंगा-मांगणियार कलाकारों ने गायन-वादन की प्रस्तुतियों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। लोक गायकी के इन सुरीले हुनरबाज कलाकारों ने अपनी मधुर स्वर लहरियों से श्रोताओं मंत्रमुग्ध कर दिया। गायन वादान के बेहतरीन संयोजन से श्रोतागण झूम उठे। वंस मोर... वंस मोर की ध्वनियां हर प्रस्तुति के बाद गूंजने लगी। दर्शकों की डिमांड पर प्रसिद्ध लोक गीत "निम्बूड़ा" की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इन कलाकारों ने एक से एक अद्भुत लय ताल के साथ कर्णप्रिय गीतों से कल्चरल डायरीज के पन्नों पर यादगार छाप छोड़ दी।

दरअसल उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अभिनव पहल और निर्देश पर राजस्थान पर्यटन विभाग ने लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने और उनको नियमित रूप से आजीविका का अवसर दिलाने के लिए "कल्चरल डायरीज श्रृंखला" शुरू की है। जिससे राजस्थान की कला व संस्कृति से पूरी दुनिया परिचित होगी। इसी श्रृंखला में शुक्रवार-शनिवार को रामनिवास बाग स्थित सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई।

समारोह में ख्यातनाम लोक कलाकार देवू खान, बरकत खान, तालब खान, मुल्तान खान, हाकम खान, जावेद खान, रसूल, रोशन, लतीफ व जाकिर खान की टीम ने कमयाच -खड़ताल की धुन पर लोकगीतों का ऐसा समां बांधा कि श्रोता पूरे कार्यक्रम के दौरान मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे। जांगड़ा शैली में उन्होंने ढोलामारू, लूणाघाट, घोडलिया, केसरिया तिलकाणे, असपत री सुसवारी, पूरी अयोध्या राजा दशरथ घर, जीयो बणजारा आदि लोकगीत सुरीली आवाज और मधुर तान पर गाकर श्रोताओं का खूब मन मोहा। उनके कार्यक्रम में लगातार तालियों की गड़गड़ाहट होती रही।



''कल्चरल डायरीज श्रृंखला'' के तहत रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल पर शनिवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में 14 वर्षीय मांगणियार बाल कलाकार जावेद द्वारा कमायच वादन किया गया। केसरियों तिलकानों गीत की खमायची राग में प्रस्तुति दी गई। मांगणियार कलाकार हाकम खान ने ढोला मारु की प्रेम कथा आधारित मारु राग में गीत प्रस्तुत किया। मांगणियार कलाकार तालब खान ने सोरठ राग आधारित घोड़ालिया गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी गई।

वरिष्ठ कलाकार बरकत खान और मुल्तान खान द्वारा बरसात के समय प्रीतम के घर आने का गीत लूणाघाट को बेहतरीन जुगलबंदी के साथ पेश किया गया। ख्यातनाम खड़ताल वादक देबू खान और युवा कलाकार जाकिर खान ने कर्णप्रिय खड़ताल वादन की जुगलबंदी से श्रोताओं में थिरकन स्फूरित कर दी। शानदार ताल संयोजन को सुन पूरी प्रस्तुति के दौरान करतल ध्वनि से श्रोता कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे।

धार्मिक और वीररस से ओतप्रोत गीतों का गायन करने वाले मांगणियार कलाकारों ने लोक भजन "श्री राम चंद्र अवतार लियो" की भक्तिमय प्रस्तुति दी। जिसके पश्चात नागौर के वीर अमरसिंह राठौड़ की वीरता की गाथा को कहने वाला गीत "अमर सिंह की कटारी" की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के अंत में रोशन खान, रसूल खान के क मायच वादन के साथ लतीफ खान की ढोलक की संगत के संग जियो बंजारा, लखी बंजारा और हेलो साम्भलो सहित तीन गीतों मधुर गीतों की सुरीली प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के क्यूरेटर संदीप रत्नू रहे। इस श्रृंखला में अब कल्चरल डायरीज का अगला कार्यक्रम अगले पखवाड़े के शुक्रवार व शनिवार को होगा।

कल्चरल डायरीज के इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में पुरातत्व निदेशक पंकज धरेंद्र, पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक डॉ. पुनीता सिंह, विभाग के उपनिदेशक दलीप सिंह राठौड़, उपेन्द्र सिंह, नवल, फैडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला, महासचिव तरुण बंसल के अलावा कई अधिकारी-कर्मचारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गणेश पूजन के साथ 18 नवंबर को जयपुर समारोह का आगाज करेगा ग्रेटर नगर निगम

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम की ओर से जयपुर समारोह-2024 का आगाज 18 नवंबर से होगा। शनिवार को नगर निगम मुख्यालय पर आयोजित हुई प्रेस कॉन्फ्रेस में महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने 18 नवंबर से 18 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। महापौर ने सर्वप्रथम सभी पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाऐं दी।

महापौर डॉ. सौम्या ने कहा कि जयपुर समारोह आमजन से जुड़ा हुआ आयोजन है। जयपुर 297वें वर्ष का हो गया है, इसी उपलक्ष्य में जयपुर समारोह के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जयपुर समारोह की सबसे खास बात यह है कि नगर निगम की टीमों द्वारा स्क्रैप को इकट्ठा कर उसे रिसाइकल कर उसमें बीज डालकर निमंत्रण पत्र बनाये जाएंगे, जिससे रिसाइकल पेपर जहां भी गिरे वहां उन बीजों से पौधे उग सके। इसके साथ ही 16 से 18 दिसम्बर तक मेयर समागम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें देशभर के मेयर जयपुर आकर जयपुर की खुबसूरती को निहार सकेंगे। उन्होंने बताया कि किसी भी समारोह की स्वच्छता से की जाती है इसलिये स्वच्छता सप्ताह का भी आयोजन किया जायेगा। साथ ही कठपुतली नृत्य, कच्छी घोड़ी नृत्य, जयपुर का जायका सहित कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कच्ची बस्तियों में जाकर आर.आर.आर. सेंटर पर आये हुये सामान को जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध करवाया जायेगा।

ज्ञात रहे कि जयपुर शहर की स्थापना महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय ने 18 नवंबर 1727 को की थी। जयपुर नगर निगम द्वारा हर वर्ष जयपुर शहर की स्थापना की वर्षगांठ पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते है।

# 'डिग्री केवल डिग्री के लिए न हो बल्कि स्किल लर्निंग व समाज उपयोगी हो'

**उदयपुर,**(कासं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विद्यार्थियों से कहा कि आज के तकनीकी बदलाव के दौर में जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर्स बनने की बजाय जॉब क्रिएटस बने क्योंकि पूरी दुनिया उनकी तरफ आशा भरी नजर से देख रही है। धनखड शनिवार को मोहनलाल सुखाडिया के विवेकानंद सभागार में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि शिक्षक ही किसी संस्थान की रीढ़ होते हैं और उन्हीं की वजह से उन संस्थानों का नाम भी होता है। युवा विद्यार्थियों का आव्हान करते हुए उन्होंने कहा कि वे देश के असली कर्णधार है। भविष्य के निर्माता हैं। इसलिए सकारात्मक ऊर्जा के साथ नवाचारों और तकनीक के साथ आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि भारत चार ट्रिलीयन डॉलर की इकोनॉमी के साथ विश्व की पाँचवी बडी अर्थव्यवस्था बन गया है जहाँ 8 प्रतिशत की ग्रोथरेट है। वैश्विक संस्थानों की गुणवत्ता और तकनीकी उन्नति के साथ बढते डिजिटाइजेशन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब हम आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। क्योंकि बीते एक दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की सशक्त अर्थ व्यवस्था बनकर उभरी है,जहाँ पर हर साल 8 नए एयरपोर्ट ए हर 2 साल में तीन चार नई मेट्रो,प्रतिदिन 28 किलोमीटर हाईवे और बारह किलोमीटर नया रेलवे ट्रैक बिछाया जा रहा है। बिजली उत्पादन, सौर उर्जा,गैस हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ रही है। अच्छे स्वास्थ्य और अफोर्डेबल घरों का निर्माण अब सपना नहीं रहा है। हर व्यक्ति को सुविधाएँ प्राप्त हो रही है और मानवीय मूल्यों के साथ संसाधनों का समुचित इस्तेमाल करके ही हम सशक्त बन रहे हैं।



सुखाड़िया विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधन दिया।

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विद्यार्थियों को दी सीख, कहा जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर्स बने
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सुखाड़िया व्याख्यान में हुए शामिल

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी कई सारे तनावों को लेकर आगे बढती हैं । जब कम मेरिट वाला उनसे आगे बढ़ जाता है,जब भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार आदि समस्याएं दिखती है तो युवाओं के मन में दर्द होता है लेकिन उन्होंने कहा कि इन सब चीजों को दिल से नहीं लगाते हुए युवाओं को रोजगार के नए उभरते फलक को देखना और समझना चाहिए। सरकारी सेवाएँ जरूरी है लेकिन युवाओं को यह नहीं समझना चाहिए कि सरकारी सेवा ही अंतिम विकल्प है,आज युवाओं को उभरते नए रोजगारों के अवसर और ऊंचाइयों के प्रति जागरूक रहना होगा,आस पास के तमाम संसाधनों जैसे जल-थल, नभ और उभरते अवसरों को एकाग्र होकर देखना होगा। उन्होने कहा कि अब 6जी की नई तकनीक आ रही है जो ना सिर्फ फोन के लिए होगी बल्कि व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए प्रमुख मानी जाएगी इसलिए हमें भी आउट ऑफ बॉक्स जाकर सोचना होगा तभी हम कुछ नया और उपयोगी सोच पाएंगे। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि देश के 500 टॉप लोगों को देखें तो पाएंगे कि उसमें साठ प्रतिशत लोग आपकी उम्र के हैं वे अवसरों के प्रति जागरूक रहे और उन्होंने अवसरों का लाभ उठाया। आज विश्व का कोई भी कॉर्पोरेट संस्थान ऐसा नहीं है जहाँ भारतीय बुद्धिमत्ता और युवा प्रमुख तौर पर उपस्थित नहीं दिखाई पडे। हर जगह उपस्थित है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया की असफलता से कभी मत डरो और न असफलता के लिए खुद को दोष दो। डिग्री केवल डिग्री के लिए न हो बल्कि स्किल लर्निंग और समाज उपयोगी भी हो ऐसे प्रयास किए जाएं। पश्चिमबंगाल के राज्यपाल रहते उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उस दौरान उन्होंने नई शिक्षा नीति का प्रारूप तैयार करने में अपने विचारों का योगदान भी दिया था। उस दौरान उन्होंने कहा था पारंपरिक शिक्षा जरूरी है लेकिन हमें नए उभरते अवसरों की ओर भी देखना होगा।

धनखड़ ने कहा कि रोजगार मांगना बुरा नहीं है लेकिन इससे ज्यादा जरूरी है कि हम रोजगार सृजक बने क्योंकि जॉब क्रिएटस आज की दुनिया में ज्यादा प्रभावी होते हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप ही लोकतंत्र के सबसे अहम प्रतिनिधि हा। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के हवन में आपकी आहुति महत्वपूर्ण होगी। नई पीढी के विद्यार्थियों से उपराष्ट्रपति ने कहा कि अपने कामकाज में राष्ट्रीयता की भावना को सर्वोच्च रखे क्योंकि हमें तीसरी बडी इकनॉमी बनने के लिए अभी कडा परिश्रम करना है। धनखड ने पर्यावरण परिवर्तन और क्लाइमेट चेंज पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि हमने पृथ्वी को बहुत नुकसान पहुंचाया है अब उसको सहेजने और सँवारने की जम्मिदारी भी हमारी है। प्रधानमंत्री द्वारा एक पेड माँ के नाम अभियान से जुडने और पौधा लगाने का भी उन्होंने आग्रह किया। धनखड़ ने आज इस कार्यक्रम से पूर्व स्वयं भी एक पौधा लगाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा था कि पूरी दुनिया आज हमारे ज्ञान को सलाम करती है क्योंकि हमारे पास वेद और पुराणों की ताकत है। नई पीढी के लोगों से आग्रह किया कि वे बडे बदलाव में भागीदार बने लेकिन अपने नागरिक उत्तरदायित्व को भी न भूलें क्योंकि वही लोकतंत्र को मजबूत बनाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सुदेश धनखड़थी।शुरू में कुलपति प्रोफेसर सुनीता मिश्रा ने विवि की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विज्ञान महाविद्यालय के कार्यवाहक अधिष्ठाता प्रो एम.एस. ढाका ने राष्ट्रपति को साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**उदयपुर,** (कासं)। वित्तीय साक्षरता और निवेश रणनीतियों पर जोर देते हुए एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) उदयपुर के सहयोग से एमएलएसयू के प्रबंध अध्ययन संकाय में धन सृजन - समृद्धि के लिए एक उपकरण पर एक निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर मीरा माथुर, प्रबंध अध्ययन संकाय ने सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों और छात्रों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता सूर्य कांत शर्मा (वरिष्ठ सलाहकार, एएमएफआई) ने लंबी अवधि के रिटर्न के लिए प्रभावी उपकरण के रूप में म्यूचुअल फंड और एसआईपी पर प्रकाश डालते हुए शुरुआती निवेश को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बचत के महत्व, व्यक्तिगत वित्तीय भूख को समझने और सेवानिवृत्ति की योजना बनाने पर जोर दिया। श्री तरूण गर्ग (सेबी अधिकारी, जयपुर) ने कमाई और निवेश के समान महत्व पर जोर दिया। संतोष मीना (सेबी अधिकारी, जयपुर) ने स्मार्ट एसआईपी योजनाओं और व्यक्तिगत विकास की वकालत करते हुए व्यक्तियों से ज्ञान में निवेश करने का आग्रह किया। मनोज कुमार शर्मा डी जी एम, सेबा ने एक विनियमित वित्तीय वातावरण, वित्तीय समावेशन और धन प्रबंधन जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत में म्यूचुअल फंड निवेशकों मे उत्तरोत्तर वृद्धि का उल्लेख किया। प्रोफेसर सुनीता मिश्रा कुलपति, मोहनलाल सुखाडिया विवि ने धन और ज्ञान के बुद्धिमान निवेश की सलाह दी, इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति की लचीली प्रवेश-निकास प्रणाली के साथ संरेखित किया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव प्रोफेसर हनुमान प्रसाद ने धन्यवाद प्रस्ताव के साथ उन्होंने बचत, बजटिंग एवं निवेश के सामंजस्य पर जोर दिया।

## सार-समाचार

### डॉ. मेधा माथुर पुरस्कार से सम्मानित




**उदयपुर**, (कासं)। गीतांजलि मेडिकल कॉलेज, उदयपुर के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की डॉ. मेधा माथुर को आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर द्वारा आयोजित राजकोन 2024 में 120 शोध पत्रों में से सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र का पुरस्कार मिला। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों पर हिंसा पर अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया जो आज के परिदृश्य में एक ज्वलंत विषय है। डॉ मेधा ने ब्रिटिश मेडिकल जर्नल के अनुसंधान और प्रकाशन विषय पर प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशाला में रिसोर्स फैकल्टी के रूप में सत्र लिया। उन्होंने उदयपुर में राज्य स्तरीय सम्मेलन के दौरान स्वास्थ्य के क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर सत्र की अध्यक्षता भी की।

### एसपी जोशी ने बैठक ली

**कपासन,** (निसं)। चित्तौड़गढ़ एसपी सुधीर जोशी ने कपासन में स्थानीय पंचायत समिति के महाराणा प्रताप सभागार में सीएलजी और शांति समिति के सदस्यों की बैठक ली। इस दौरान एसपी ने सोशल मीडिया सोच समझकर उपयोग करने, साइबर क्राइम से बचने और सोशल मीडिया पर निजी जानकारी डालने से परहेज का करने का आव्हान किया।एसपी ने कहा- आज के समय सोशल मीडिया का सोच समझकर उपयोग करना चाहिए। ताकि लोगों के व्यवहार में कड़वाहट नहीं पनपे। वहीं बच्चों को कम से कम मोबाइल का उपयोग करने दें। साइबर क्राइम से बचने के लिए अपनी निजी जानकारी सोशल मीडिया पर ना डालें। इस दौरान बैठक में एसपी ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही लोगों से अच्छी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुझाव मांगे। बैठक में अतिक्रमण, शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने, सड़कों पर लगी नॉनवेज की दुकान हटाने सहित कई विषयों पर सुझाव लिए गए। इससे पहले एसपी को थाने पहुंचने पर पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। साथ ही निर्माणाधीन थाना भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी जोशी ने पुलिस जवानों ओर अनुसंधान अधिकारियों से भी चर्चा की। सीएलजी बैठक में तहसीलदार एम नासिर बेग मिर्जा, डिप्टी एसपी हरजीलाल यादव, थाना अधिकारी रतन सिंह, पालिका अध्यक्ष मंजू देवी सोनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया, ललित टांक,सहित बड़ी संख्या में कस्बा वासी मौजूद रहे। साथ ही सिंहपुर चोटी का निरीक्षण किया

### वर्कशॉप का आयोजन

**देवगढ़,** (निसं)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय देवगढ़ पीएम श्री योजना के अंतर्गत 21वीं सदी के कौशल व तकनीकी विकास में आयोजित ड्रोन व रोबोटिक टेक्नोलॉजी के ऊपर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय देवगढ़ में शनिवार को ड्रोन व रोबोटिक टेक्नोलॉजी के ऊपर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।प्रसिद्ध रोबोटिक वैज्ञानिक काछबली निवासी राजेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विजेंद्र नागदा के अनुसार इस वर्कशाप का आयोजन 21वीं सेंचुरी लर्निंग एंड टेक्नोलॉजी स्किल के अंतर्गत किया गया। रोबोटिक वैज्ञानिक राजेंद्र सिंह जो खुद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व डीआरडीओ के द्वारा अपने रोबोटिक वर्क के लिए सम्मानित हो चुके हैं वह अभी वर्तमान में जर्मन मल्टीनेशनल कंपनी में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को रोबोटिक्स किस तरह काम करते हैं कैसे काम करते हैं और रोबोट से लेकर भविष्य में क्या संभावनाएं हैं के बारे में विस्तार से प्रोजेक्टर व 3 डी फोटोज के माध्यम से बताया ।छात्रों ने भी इस रोबोटिक टेक्नोलॉजी के बारे में जिज्ञासा से कई प्रकार के प्रश्न किया और जानकारी हासिल की। इस वर्कशाप मैं विद्यालय के सीनियर टीचर दिलीप सिंगारिया ,प्रभु सिंह ,पूसा लाल खटीक , सुमन सैनी, अमर सिंह राठौड ,दीपेंद्र सिंह व राजेंद्र सिंह के पिता भगवती सिंह वह उनके भाई चंद्रभान सिंह उपस्थित थे व कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को एक-एक सेब देकर अपनी कक्षाओं में भेजा गया।

### पंजाबी गायक गुरी की प्रस्तुति ने बांधा समां

**उदयपुर,**(कासं)। पेसिफिक मेडिकल विवि के विद्यार्थियो और स्टाफ के लिए 15 नवंबर की रात एक यादगार संगीतमय अनुभव लेकर आई, जब मशहूर पंजाबी गायक गुरी ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। आरंभ मे विवि के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने कहा इस तरह के कार्यक्रम हमारे विद्यार्थियो के लिए न केवल मनोरंजन का जरिया हैं, बल्कि यह उन्हें नए जोश और ऊर्जा के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करते हैं। हमें गर्व है कि पीएमयू ऐसा मंच प्रदान कर रहा है जहां शिक्षा और संस्कृति का अद्भुत संगम होता है। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग प्रस्तुतियों से हुई जहां छात्रों ने नृत्य और गायन से दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके बाद मंच पर पहुंचे गुरी और गानों की गूंज से पूरा परिसर झूम उठा। गुरी ने लवली वर्जिनिया,यार बेली, और सोहने लगदे जैसे सुपरहिट गाने गाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। पंजाबी गायक गुरी की मधुर आवाज और ऊर्जावान प्रदर्शन ने छात्रों को अपने सीटों से उठकर नाचने पर मजबूर कर दिया। दर्शकों के बीच उत्साह इतना अधिक था कि पूरा कार्यक्रम तालियों की गडगडाहट से गूंजता रहा।अंत में पीएमसीएच की चेयरमेन प्रीति अग्रवाल ने कहा कि संगीत वह भाषा है जो हर दिल तक पहुंच सकती है। इस दौरान गुरी ने मंच से विद्यार्थियो को उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया और अपने फैंस के प्रति आभार व्यक्त किया।

# साइंस मॉडल एक्जीबिशन में लहराया परचम

**राजसमंद,**(निसं)। भारत सरकार के नीति आयोग एवं अटल इनोवेशन मिशन द्वारा परिवर्तित एवं प्रायोजित तथा आलोक संस्थान फतेहपुरा की ओर से आयोजित विज्ञानोत्सव-2०24 में व शहर के बीएन गर्ल्स कॉलेज में आयोजित साइंस मॉडल एक्जीबिशन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आलोक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने हुनर को प्रदर्शित कर परचम लहराया।

विजेता विद्यार्थियों को निदेशक डॉ प्रदीप कुमावत, प्रशासक मनोज कुमावत, प्राचार्य ललित गोस्वामी व सहायक प्रशासक ध्‍ुव कुमावत ने महाराणा प्रताप सभागार में उपरणा पहनाकर व मोमेंटों और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य ललित गोस्वामी ने बताया कि भारत सरकार के नीति आयोग एवं अटल इनोवेशन मिशन द्वारा परिवर्तित एवं प्रायोजित तथा आलोक संस्थान फतेहपुरा द्वारा आयोजित विज्ञानोत्सव-2024 में उदयपुर संभाग के 2० विद्यालयों के 400 विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा अभियांत्रिकी एवं गणित के क्षेत्र में अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा नवाचारों को मॉडल एवं प्रोजेक्ट्स के रूप में प्रस्तुत किया। इसमें कक्षा 1 से लेकर 12 तक के सभी विद्यार्थियों ने बडे उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों को चार श्रेणियां में विभाजित किया गया। ग्रुप ए, बी, सी और डी। इनमें से ग्रुप बी में आलोक विद्यालय के छात्र उत्कर्ष हिंगड एवं तन्मय बागोरा ने तथा ग्रुप सी में जैन्या पुरोहित, दिव्यांशी पालीवाल, पूर्वा श्रीमाली तथा जसराज वीर सिंह को अद्भुत रचनात्मकता एवं नवाचार के क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। ग्रुप सी में जीवितेश त्रिपाठी, नैतिक सुखवाल, प्रतीक्षा झाला, लतिका टेपन तथा ग्रुप डी में (वरिष्ठ वर्ग) यशविनी स्वर्णकार, देदीप्य जोशी, ख्याति शर्मा, कुलदीप शर्मा तथा उज्जवल कुमावत ने अपने असाधारण वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचारों से युक्त साइंस प्रोजेक्ट के माध्यम से विद्यार्थियों, अभिभावकों ,शिक्षक-शिक्षिकाओं , आगुंतकों एवं अनुसंधानकर्ताओं का न केवल ध्यान आकर्षित किया बल्कि मस्तिष्क उद्वेलन भी किया। विज्ञान महोत्सव, स्टेम फेस्टिवल ने न केवल छात्र-छात्राओं अपितू सभी उपस्थित दर्शकों के मन में विज्ञान के प्रति रुचि एवं एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का सृजन किया। इसी तरह से शहर के भूपाल नोबल्स गर्ल्स कॉलेज में आयोजित साइंस मॉडल एवं आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जीबिशन में विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया एवं अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। 12वीं कॉमर्स की छात्रा नियति जांगिड ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही साइंस एग्जीबिशन में कक्षा 11वीं की छात्राएं खुशी गर्ग एवं प्रिंसी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने महेन्द्र सिंह मेवाड को श्रद्धाजंलि अर्पित की

**उदयपुर,**(कासं)। प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी व संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने शनिवार को समोर बाग पहुंचकर महेन्द्र सिंह मेवाड को श्रद्धाजंलि अर्पित की ओर शोक संदेवना प्रकट की।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी शनिवार को उदयपुर पहुंची थी जबकि संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल शुक्रवार देर शाम उदयपुर पहुंच गए थे। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी एयरपोर्ट से सीधे समोरबाग पैलेसे पहुंचीं।यहां पर दीया कुमारी ने मेवाड के पूर्व राजपरिवार के

- दीया कुमारी मीडिया से रूबरू हुई, उन्होंने कहा कि महेंद्र सिह मेवाड का हमेशा से उन पर आशीर्वाद रहा

सदस्य और पूर्व सांसद महेंद्र सिंह मेवाड को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान दीया कुमारी ने महेंद्र सिंह मेवाड के पुत्र नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड व बहू राजसमंद सांसद महिमा कुमारी और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की।


उदयपुर के समोर बाग में दिवंगत महेंद्र सिंह मेवाड़ को श्रद्धासुमन अर्पित करते उप मुख्यमंत्री दियाकुमारी।

यहां कुछ देर मुलाकात के बाद दीया कुमारी मीडिया से रूबरू हुई। उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि महेंद्र सिह मेवाड का हमेशा से उन पर आशीर्वाद रहा। जब मुझे राजसमंद से टिकट मिला,तब भी उनका आशीर्वाद लेने के लिए उदयपुर आई थी और उस दौरान आशीर्वाद के साथ बहुत सहयोग रहा। उनके निधन के बाद उनकी कमी सबको खलेगी। दीया कुमारी ने यह भी कहा कि महेन्द्र सिंह मेवाड के निधन से मेवाड और समाज को बहुत बडा नुकसान हुआ है। वहीं संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने भी महेन्द्र सिंह मेवाड की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करने के साथ श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने विधायक विश्वराज सिंह मेवाड से मुलाकात की और शोक संवेदना प्रकट की।

# स्वराज संदेश संवाद पदयात्रा रवाना

**बांसवाड़ा,** (निसं)। आदिवासी समुदाय में व्याप्त पर्यावरण संरक्षण के पारंपरिक प्रयासों को नई पीढी से जोडने तथा उन्हें प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने के लिए प्रेरित करने के लिए स्वराज संदेश संवाद पदयात्रा चार अलग-अलग स्थानों से एक साथ रवाना हुई।

प्राकृतिक संसाधनों के अनुचित एवं अत्यधिक दोहन से समुदाय के विकास में आ रही बाधा को दूर करने के लिए और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए स्थानीय समाधान खोजने पर संवाद के उद्देश्य से आयोजित इस यात्रा को 4 अलग-अलग स्थानों से जन प्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाग्धारा संस्था के सचिव जयेश जोशी ने बताया कि स्वराज को सही मायने में जीते हुए आदिवासी व कृषक समुदाय ने सदियों से आज तक प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण व संवर्द्धन किया है तथा जीवन मूल्यों को समाज के लिए जीवित रखा है। आज के बदलते युग में परंपरागत प्रथाओं को भुला कर बाजार पर निर्भरता की वजह से उत्पन्न जलवायु परिवर्तन की चुनौतयों से सभी लोग जूझ रहे हैं। इन चुनौतियों के समाधान प्रौद्योगिकी में नहीं बल्कि स्वराज आधारित चक्रीय जीवनशैली की जलवायु-संवेदनशील वृत्ताकारजीवन-प्रथाओं में निहित हैं इसीलिए समुदाय की सच्ची और अच्छी पद्धतियों को समुदाय तथा समस्त लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। यात्रा का नेतृत्व आदिवासी और कृषक समुदायों द्वारा किया गया। संवाद


वाग्धारा संस्था की ओर से जिले के विभिन्न स्थानों एवं समीपतवीं राज्यों में स्वराज संदेश संवाद पदयात्रा को रवाना करते अतिथि।

कार्यक्रम, समूह कार्य तथा चौपाल जैसे विभिन्न आयोजनों में महिला एवं पुरुषों की बराबर भागीदारी रही जहां समुदाय के साथ हुई बैठकों में विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त ऊर्जा, उनके महत्त्व तथा चक्रीय जीवनशैली को लेकर संवाद किया गया। ग्राम वडलीपाडा से कुशलगढ पंचायत समिति के प्रधान कानहींग रावत ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया जिसमें सुनरिया, करान्घती, खेडा, सतलिया की तोदी, रूपगढ, बावलियापाडा, बावडी डिन्डोर, बावडी निनामा, गोपालपुरा, गल्धर गांवों की यात्रा करते हुए स्वराजी, महिला-पुरुष बराबर भागीदारी के साथ अम्लीपाडा पहुंचे। कृषि एवं आदिवासी स्वराज संगठन, छोटी सरवा तथा आदिवासी समुदाय एवं कृषकों ने स्वराजी भाइयों के साथ 26 किलोमीटर की यात्रा की। पर्यावरण अनुकूल कृषि प्रणाली, ऊर्जा तथा चक्रीय व्यवस्था पर संवाद में भाग लेते हुए कानहींग रावत ने कहा कि आज के दौर में हम लोग अपनी पुरानी संस्कृति भूलते जा रहे हैं। कृषि में रासायनिक खाद और कीटनाशक दवा का प्रयोग कर हम अपनी आयुमान घटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि हमें आने वाले पीढी को सुरक्षित भविष्य देना है तो हमें हमारे पुरानी संस्कृति एवं चक्रीय प्रणाली को पुनरू अपनाने की जरूरत है। वागधारा संस्था के क्रियान्वयन अधिकारी परमेश पाटीदार ने बताया कि आदिवासी एवं कृषक समुदायों की समृद्ध पारंपरिक प्रथाओं, उनके जलवायु पारिस्थितिकी से संबंधित कृषि, पोषण और ऊर्जा संरक्षण के उपायों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली जा रही है। आनंदपुरी ब्लॉक में यात्रा को उदयपुरा बडा से सरपंच राधा देवी, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश पटेल एवं रतनपुरा सरपंच छगनलाल ने हरी झंडी दिखा कर शिव मंदिर से रवाना किया। चोरडी सामाजिक कार्यकर्ता बंसीलाल एवं ग्राम स्वराज समूह तथा सक्षम समुह सदस्यों ने पद यात्रियों का स्वागत किया। संवाद कार्यक्रम में टोरी ग्राम धानी संघ के अध्यक्ष मोहन, घनेवा बडा वार्ड पंच पन्नालाल ने ग्राम पंचायत बरजडिया में स्थानीय समुदाय के साथ भाग लिया। इस अवसर पर जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में स्थानीय बीज, उसका संरक्षण, संरक्षण के तरीकों, परंपरागत कृषि तथा पशुधन एवं जल संरक्षण पर चर्चा की गई तथा इनके महत्त्व को समझाया गया। समुदाय के लोगों के साथ कृषि एवं आदिवासी स्वराज संगठन कोबा तरवा, खेरिया, चोरडी होते हुए कोबा पहुंचे। जहां यात्रा छाजा के कृषि एवं आदिवासी स्वराज संगठन के साथ बोदिया तलाई, तोरी, सुंदराव, गानेवा बडा, कजलिया, नाहरपुरा, समिसेरा, पचोर, कानेला, कुम्हारिया, बरजारिया, बोर भटोर, कंगलिया नयागांव, नावाटपरा, बुझेला और बरकोटा गांवों से होते हुए 27 किलोमीटर की दूरी तय कर छाजा गांव पहुंची । बरकोटा में रात्रि चौपाल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि एवं आदिवासी स्वराज संगठन पीपलखूंट द्वारा समुदाय के साथ आज पहले दिन यात्रा को ग्राम पावटी के हनुमान मंदिर से सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. नारायण लाल निनामा, पंचायत समिति सदस्य अर्जुन लाल निनामा और पीपलखूंट प्रधान नीता देवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ग्राम मियासा में हुई सामुदायिक सभा में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को पहचानने और पारंपरिक टिकाऊ जीवनशैली को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से खेल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से समुदाय को ऊर्जा संरक्षण, परंपरागत कृषि, और चक्रीय जीवनशैली के महत्व को समझाया गया।

# पेसिफिक में वाइट कोट सेरेमनी का आयोजन


पेसिफिक में एम.बी.बी.एस. विद्यार्थियों का स्वागत एवं वाइट कोट सेरेमनी में उपस्थित विद्यार्थी।

**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, उमरडा में नये एम.बी.बी.एस. विद्यार्थी 2024 का प्रेरण कार्यक्रम और वाइट कोट समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। पेसिफिक इंस्टियूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में अभी तक 150 एम.बी.बी.एस. विद्यार्थी प्रतिवर्ष भर्ती होते थे। इस वर्ष एन.एम.सी. द्वारा एम.बी.बी.एस. में 200 सीटे दी गयी है। यह संस्थान के लिये गर्व का विषय है।

संस्थान में उपलब्ध बढिया इंफ्रास्ट्रक्चर एवं स्टाफ के कारण इस वर्ष स्नातकोत्तर (एम.डी./एम.एस.) विषयों मे भी सीटों की अभीवृद्धि दी गयी है। पहले 67 पी.जी. विद्यार्थी प्रतिवर्ष प्रवेश लेते थे। इस वर्ष 158 पी.जी. विद्यार्थियों के लिये एन.एम.सी. ने सहमति पत्र प्रदान की है। समारोह में 200 नये एम.बी.बी.एस. विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। संस्था के चेयरमैन आशीष अग्रवाल एवं शीतल अग्रवाल ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति डॉ. प्रशांत नाहर ने विद्यार्थियों को वाइट कोट के महत्व के बारे में समझाया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश गोयल ने हिप्पोक्रेटिक ओथ की शपथ दिलाई कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण मेहनत से रोगियों की देखभाल बिना किसी भेदभाव के करेगें, चिकित्सा के समय प्राप्त रोगी से संबधित समस्त जानकारी गोपनीय रखेंगे। सभी विद्यार्थियों ने शपथपूर्वक प्रण किया कि वे आजीवन समस्त नवीन अनुसंधान के अनुसार रोगियों को सेवा प्रदान करेंगे, रोगियों को कभी ऐसी दवा/चिकित्सा उपलब्ध नही करवायेंगे जो उनको किसी प्रकार का नुकसान पहुंचा सकें। उन्हें यह भी शपथ दिलाई गयी कि आवश्यक होने पर अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों से भी परामर्श लेंगे।

# प्रवासी राजस्थानियों ने दुनियाभर में फैलाई राजस्थान की खुशबू - भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र के चुनावी दौरे में यह भी कहा कि प्रवासी राजस्थानी सामाजिक सरोकार में सबसे आगे हैं

मलाड/महाराष्ट्र, 16 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के तहत, मुंबई के मलाड (पश्चिम) में आयोजित राजस्थानी समाज सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस दौरान इन्होंने मलाड पश्चिम से महायुति प्रत्याशी विनोद शेलार को समर्थन देकर विजयी बनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि कांग्रेस चुनाव आते ही झूठ और लूट की दुकान खोल देती है। उन्हें न तो राज्य और राष्ट्र से प्रेम है और न ही जनता के हितों से कोई सरोकार। उन्होंने कहा कि स्वार्थ की भावना से ओतप्रोत कांग्रेस और इनके सहयोगियों में गठबंधन नहीं, ठगबंधन की स्थिति है। ये लोग कभी विकास की बात नहीं करते। महाराष्ट्र की जनता अब इनके इरादों को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र

■ **मुख्यमंत्री ने मुम्बई के मलाड (पश्चिम) में महायुति प्रत्याशी के समर्थन में राजस्थानी समाज सम्मेलन को सम्बोधित किया।**

मोदी के नेतृत्व में कांग्रेस की झूठ और लूट की दुकान बंद हो गई है। जनता जानती है कि विकास केवल मोदी के नेतृत्व में ही संभव है। लोगों में भाजपा के प्रति अति उत्साह और उमंग है तथा महाराष्ट्र में बहुत बड़े बहुमत के साथ महायुति की सरकार बनेगी।

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने सिटिजनशिप अमैन्डमैंट एक्ट (सी.ए.ए.) तथा ट्रिपल तलाक समाप्त करने का विरोध किया और जब महायुति सरकार ने औरंगाबाद का नाम बदल कर छत्रपति संभाजी नगर रखा, तब भी महाविकास अघाड़ी इसका विरोध करते रहे। कांग्रेस केवल तुष्टीकरण की राजनीति करती है। इन्हें भोलीभाली जनता को फंसा कर अपना काम निकालना आता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के विकास में कभी जाति को आधार नही माना।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब का मानद सदस्य बनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, पूर्व मंत्री शाहनवाज़ हुसैन, सांसद राजेन्द्र गहलोत तथा राजस्थान के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग मौजूद थे।*

पी.एम. किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं में किसी भी व्यक्ति से जाति-धर्म नहीं पूछा गया। भारतीय जनता पार्टी "सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास" की अवधारणा पर काम करती है।

हमारी सरकार जो कहती है, वह करके दिखाती है। राजस्थान में हमारी सरकार ने 11 माह के अल्पकाल में संकल्प पत्र के 50 प्रतिशत वादे पूरे कर दिये हैं। शर्मा ने कहा कि राष्ट्र के लिए, महाराणा प्रताप हों या छत्रपति शिवाजी, दोनों ने अपना सर्वस्व बलिदान किया। राष्ट्र को आगे बढ़ाने की प्रेरणा हमें इन्हीं महापुरूषों से मिलती है।

उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने भी अपनी कर्मठता के दम पर राजस्थान की मिट्टी की खुशबू पूरे विश्व भर में फैलाई है। सामाजिक सरोकार के काम में राजस्थानी सबसे आगे रहते हैं। प्याऊ बनाने का काम हो या मंदिर के जीर्णोद्वार का अथवा व्यापार में पहचान बनाने का, मारवाड़ियों ने अपने कर्म से ही हर क्षेत्र में अपनी साख बनाई है।

मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों को 9 से 11 दिसंबर तक राजस्थान में आयोजित होने वाले "राजस्थान राइज़िंग समिट" के लिए आंमत्रित करते हुए कहा कि वे राजस्थान में निवेश करें, उनके लिए राजस्थान के द्वार हमेशा खुले हैं। राज्य सरकार निवेशकों को हर संभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों से आव्हान किया कि महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और समाज को स़मृद्ध बनाने के लिए एकजुट होकर महायुति को वोट दें। जनता के समर्थन से डबल इंजन की सरकार महाराष्ट्र के सपनों को साकार कर पायेगी। उन्होंने प्रत्याशी विनोद शेलार को अधिक से अधिक मत देकर विजयी बनाने की अपील की।

इससे पहले, शर्मा को गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब का मानद सदस्य बनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री पीयूष गोयल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन, सांसद राजेन्द्र गहलोत, राजस्थान के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित वरिष्ठ पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी मौजूद थे।

## सिंगापुर की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रूप में पारस्परिक सम्बन्धों को बढ़ाने के साथ ही, प्रतिनिधिमंडल को भाजपा की संरचना, कार्यशैली तथा भविष्य को लेकर उसकी सोच की गहन जानकारी उपलब्ध कराना है।

## 'आयुर्वेद डॉक्टर भी 62 वर्ष तक सेवा में रह सकते हैं'

जयपुर, 16 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एलोपैथी डॉक्टर्स की तरह आयुर्वेदिक डॉक्टर्स को भी 62 साल की उम्र पूरी होने तक सेवा में बने रहने का हकदार माना है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह व वी.के. भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश आयुर्वेद डॉक्टर प्रभुदयाल शर्मा की याचिका पर दिया। याचिका में प्रार्थी ने उसके खिलाफ राज्य सरकार की भेदभावपूर्ण कार्रवाई को चुनौती दी थी।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि वह बारां जिले में वरिष्ठ आयुर्वेद डॉक्टर के पद पर कार्यरत था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के आदेश होने के बाद भी, उसे 31 अक्टूबर को 60 साल की आयु पूरी होने पर ही रिटायर कर दिया, जबकि उसने विभाग में प्रार्थना पत्र पेश कर उसे 62 साल तक सेवा में बनाए रखने का आग्रह किया था। इसलिए आयुर्वेद विभाग को निर्देश दिए जाएं कि वह उसे 62 साल तक सेवा में रखे। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने प्रार्थी को 60 साल में ही रिटायर कर दिया है, जबकि अन्य कार्मिक काम कर रहे हैं। इसलिए प्रार्थी को भी 62 साल की उम्र पूरी होने तक सेवा में बरकरार रखा जाए।

# झांसी अग्निकांड की जांच के लिये 4 सदस्यीय समिति गठित

## हाई पावर समिति के अलावा झांसी डिविज़नल कमिश्नर, डी.आई.जी तथा अग्निकांड विभाग भी जांच करेंगे

झांसी, 16 नवंबर। झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में आग लगने के घटना की जांच के लिए सरकार ने चार सदस्यों की कमेटी गठित की है। चार सदस्यों की यह कमेटी एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देगी। समिति को आग के कारणों की पहचान करने और यह निर्धारित करने का काम सौंपा गया है कि क्या इसमें कोई लापरवाही शामिल थी। कमेटी, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सिफारिशें भी देगी। शासन की ओर से सात दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी गई है।

सरकार की तरफ से जारी आदेश के अनुसार, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, निदेशक (स्वास्थ्य) चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें, अपर निदेशक, विद्युत, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें, . महानिदेशक, अग्निशमन द्वारा नामित अधिकारी इस घटना की जांच करेंगे। कमेटी की अध्यक्षता महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण करेंगे। बाकी अन्य सदस्य

■ **शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 7 बच्चों का पोस्ट मार्टम किया गया। तीन बच्चों का, माता-पिता की पहचान नहीं हो पाने के कारण पोस्ट मार्टम नहीं हो सका।**

के तौर पर काम करेंगे। कमेटी को जांच करके सात दिन में रिपोर्ट सरकार को सौंपने का आदेश दिया गया है।

घटना की त्रिस्तरीय जांच शुरू करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। झांसी मंडलायुक्त और पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) को मामले की जांच करने के लिए कहा गया है, अग्निशमन विभाग भी इस पर गौर करेगा। घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। ज्ञातव्य है कि झांसी जिले में शुक्रवार रात महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 शिशुओं की मौत हो गई। इस हादसे में घायल हुए 16 अन्य बच्चे जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## 'लोक अदालत...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बोर्ड अध्यक्ष को निर्देश दिया था कि वे अतिक्रमण की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं करने के जिम्मेदार अफसर व कर्मचारियों पर तीन महीने में कार्रवाई करें। हाउसिंग बोर्ड ने हर्जाना राशि तो दे दी, लेकिन अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने वाले जिम्मेदार अफसरों पर कोई भी कार्रवाई नहीं की। लोक अदालत ने आदेश का पालन नहीं करने को गंभीर माना और कई बार उन्हें पत्र भेजकर आदेश की पालना करने के लिए कहा, लेकिन इसके बाद भी अध्यक्ष ने पालना नहीं की। इस पर स्थाई लोक अदालत ने हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष को व्यक्तिगत तौर पर पेश होकर मामले में स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है।

# मोदी, अमित शाह व राहुल गांधी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को आरक्षण देने के विरोधी थे--- राजीव गांधी ने ओ.बी.सी. को आरक्षण देने का विरोध किया था।"

कांग्रेस का कहना है कि मोदी की उपरोक्त बयानबाजी धार्मिक और जाति आधारित तनाव पैदा करने की कोशिश थी। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी की महाराष्ट्र के सोलापुर में की गई टिप्पणी "एक हैं तो सेफ हैं," भी आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कहा था कि "अगर ओ.बी.सी. जातियों में बंट गए तो कांग्रेस को ऑक्सीजन मिलेगी। क्या आप कांग्रेस को इस षड्यंत्र में सफल बनाना चाहते हैं? एक हैं तो सेफ हैं।"

एक अन्य घटनाक्रम में मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि धारा 370 पर कांग्रेस का रुख पाकिस्तान जैसा है और कांग्रेस पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति में लगी हुई है। कांग्रेस पार्टी ने भाजपा के स्टार प्रचारक, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर 12 नवम्बर को झारखंड के धनबाद में एक रैली के दौरान "झूठे, विभाजनकारी, दुर्भावनापूर्ण और निंदनीय" बयान देने का भी आरोप लगाया और कहा कि शाह की टिप्पणी ने आदर्श आचार संहिता और जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951, का उल्लंघन किया है।

शिकायत में शाह के इस बयान पर विशेष जोर दिया गया है कि कांग्रेस शिड्यूल्ड कास्ट (एस.सी.), शिड्यूल्ड ट्राइब्स (एस.टी.) तथा अदर बैकवर्ड क्लासेज़ (ओ.बी.सी.) के खिलाफ है तथा आंतकवाद का समर्थन करती है। शाह ने कथित रुप से दावे के साथ कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य एस.सी., एस.टी. तथा ओ.बी.सी. समुदायों को उनके आरक्षणों से वंचित करना है ताकि एक खास धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय को लाभ पहुँचाया जा सके। कांग्रेस ने इन बयानों को साम्प्रदायिक कलह को भड़काने तथा धार्मिक एवं जातिगत आधार पर वोट पक्के करने की कोशिशें बताया है।

कांग्रेस ने कुछ विशिष्ट कानूनों, जिनमें भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 196, 197 तथा 299 भी शामिल हैं, का हवाला देते हुये, शाह पर आरोप लगाया है कि वे परस्पर शत्रुता बढ़ा रहे हैं, राष्ट्रीय एकता के प्रतिकूल बयान दे रहे हैं तथा धार्मिक भावनाओं को उभारने के कृत्य जानबूझ कर रहे हैं। शिकायत में शाह के भाषण तथा तत्सम्बंधी समाचारों की रिपोर्ट्स के एक वीडियो का भी हवाला दिया गया है।

## 'मीडिया आत्महत्या...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

फ्रीडम इंडैक्स में भारत लगातार नीचे जा रहा है और प्रैस की स्वतंत्रता की बात करें तो वहां भारत निचले स्तर पर है। मोईली ने युवा पत्रकारों व पत्रकारिता के विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने भीतर निडरता से सवाल पूछने की क्षमता पैदा करें। उन्होंने कहा आप देश के लोकपाल हैं। उन्होंने कहा प्रैस को निष्पक्ष भूमिका निभानी चाहिए और निडरता से काम करना चाहिए। आज के मीडिया के सामने यही सबसे बड़ी चुनौती है। "सैनिक देश की सीमा की रक्षा करते हैं आप मीडिया वाले स्वतंत्रता के रक्षक हैं और देश में लोकतंत्र की रक्षा कर रहे हैं। संविधान अभिव्यक्ति और पसंद की आज़ादी देता है पर क्या आपको वह आज़ादी मिल रही है जो संविधान ने दी है। उन्होंने भावी पत्रकारों को पेशे से जुड़ी चुनौतियों के प्रति सतर्क किया। उन्होंने कहा मीडिया के सामने एक अन्य चुनौती यह है कि प्रधानमंत्री जानकारी साझा करने के लिए पत्रकारों से वार्ता करना भी पसंद नहीं करते हैं।




राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908